

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 केएल राहुल को बेइज्जत करने वाले संजीव गोयनका पर फूटा ...

ट्रंप ने नशे की समस्या से निपटने के लिए बनाई .... 12

वर्ष : 15 | अंक : 30 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

संसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम ने बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के प्रमुख के निधन पर जताया शोक

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केरल स्थित बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के प्रमुख अथानासियस योहान के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें समाज में उनकी सेवाओं के लिए याद रखा जाएगा। योहान (74) सात मई को अमेरिका में एक कार हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और बुधवार को डल्लास के एक अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। चर्च के एक अधिकारी ने बुधवार शाम को कहा, ह्यडल्लास, टेक्सास के एक अस्पताल में अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया जहां वह दुर्घटना के बाद इलाज करा रहे थे। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं मेट्रोपॉलिटन ऑफ बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च, मोरान मोर अथानासियस योहान के निधन से दुखी हूं।

### छह नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो महिलाओं समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है जिनके सिर पर कुल 36 लाख रुपए का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को छह दुर्दांत नक्सलियोंझ दूधी पोज्जा, उसकी पत्नी दूधी पोज्जे, महिला नक्सली जयक्का उर्फ आयते कोरसा, कवासी मुड़ा, कारम नारन्ना उर्फ भूमा और रैनु उर्फ मड़कम सुक्का ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि नक्सली दूधी पोज्जा के सिर पर आठ लाख रुपये, दूधी पोज्जे के सिर पर आठ लाख रुपये, जयक्का के सिर पर पांच लाख रुपये, कवासी मुड़ा के सिर पर पांच लाख रुपये, कारम नारन्ना के सिर पर पांच लाख रुपये और रैनु के सिर पर पांच लाख रुपये का इनाम था।

### नेपाल-भारत की एजेंसियों के बीच मनी लॉन्ड्रिंग अपराध रोकने पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। भारत और नेपाल की मनी लॉन्ड्रिंग से सम्बंधित जांच एजेंसियों ने बुधवार को पहली बार द्विपक्षीय बैठक करके दोनों देशों के बीच खुली सीमा के माध्यम से होने वाले अपराध रोकने के तरीकों पर चर्चा की। दो दिवसीय बैठक का मकसद मनी लॉन्ड्रिंग और संपत्ति वसूली के क्षेत्रों में आपसी सहयोग विकसित करके क्षमता निर्माण को मजबूत करना था। नई दिल्ली में 7-8 मई को हुई द्विपक्षीय बैठक में नेपाल के धन शोधन अन्वेषण विभाग के साथ नेपाल की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग जांच विभाग के महानिदेशक जनरल पुष्प राज शाही और भारत के प्रवर्तन निदेशालय का नेतृत्व ईडी के प्रभारी निदेशक राहुल नवीन ने किया। दोनों देशों की एजेंसियों के प्रमुख स्तर पर यह पहली बैठक थी।

### हज यात्रियों को लेकर दिल्ली की पहली उड़ान मदीना पहुंची

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से 280 हज यात्रियों को लेकर पहली उड़ान सऊदी अरब के शहर मदीना पहुंच गई है। हज यात्रियों के पहले जत्थे को लेकर देर रात करीब पौने तीन बजे हवाई जहाज ने दिल्ली से उड़ान भरी। हवाई अड्डे पर हज यात्रियों को विदाई देने के लिए हज कमेटी आफ इंडिया के सीईओ लियाकत अली आफाकी, दिल्ली राज्य हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां, सदस्य मोहम्मद साद, दिल्ली राज्य हज कमेटी के अधिशासी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी, उप अधिशासी अधिकारी मोहसिन अली, हज कमेटी ऑफ इंडिया, दिल्ली स्टेट हज कमेटी, विदेश मंत्रालय अल्पसंख्यक मंत्रालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# मुस्लिम आबादी व आरक्षण पर मचा सियासी घमासान

## कांग्रेस सत्ता मे आती है तो एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में करेगी कटौती : भाजपा

### मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर भाजपा ने जताई चिंता

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने देश में मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर बृहस्पतिवार को चिंता जताई और आश्चर्य जताया कि मुसलमानों को आरक्षण देने पर तुली कांग्रेस यदि सत्ता में आती है तो इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को मिले आरक्षण पर क्या असर पड़ेगा। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा हाल ही में जारी कार्य पत्र में कहा गया है कि भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदू आबादी का हिस्सा 7.82 प्रतिशत घटा जबकि मुसलमानों की आबादी 43.15 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें कहा गया है कि 1950 में देश में आबादी में जैन समुदाय की हिस्सेदारी 0.45 प्रतिशत थी जो 2015 में घट कर 0.36 प्रतिशत रह गई। यह रिपोर्ट लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान से पहले आई है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इस बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, यह एक बहुत ही प्रसिद्ध तथ्य है, जो लगभग एक दशक से सार्वजनिक जानकारी में है। यदि आप 1951 की जनगणना को देखें तो हिंदुओं की आबादी 88 प्रतिशत और मुसलमानों की 9.5 प्रतिशत थी। वर्ष 2011 की जनगणना में हिंदुओं की



आबादी 80 प्रतिशत से घटकर 79.8 प्रतिशत रह गई जबकि मुसलमानों की आबादी 14.5 प्रतिशत से अधिक हो गई। उन्होंने कहा, लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर इस रफ्तार से देश की आबादी बढ़ती है और जिस प्रकार से कांग्रेस मुस्लिमों को आबादी के आधार पर आरक्षण देने पर तुली हुई है तो वे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के हिस्से में कटौती करेंगे। त्रिवेदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ भविष्य में आरक्षण के हिस्से में बदलाव करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा, इसकी अधिक संभावना है क्योंकि उनमें में कई शादियों का चलन है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण और घुसपैठ के कारण भी आरक्षण में मुसलमानों की हिस्सेदारी बढ़ती रहेगी क्योंकि उन्हें धर्मनिरपेक्ष कवर मिल गया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, इसलिए यह एक बड़ा सवाल है और बड़ी चुनौती भी, जिसका उन्हें जवाब देना होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि पीएमईएसी की रिपोर्ट कई सवाल उठाती है क्योंकि एक विशेष समुदाय अपनी जनसंख्या को इस तरह से बढ़ा रहा है जिससे भारत की जनसांख्यिकी के बदल जाने की संभावना है। उन्होंने कहा, इससे कुछ सवाल उठते हैं जिन्हें पूछे जाने और उत्तर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मुस्लिम समुदाय में अवैध आव्रजन और धर्मांतरण के कारण कितना विकास हो रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस समेत कुछ राजनीतिक दल संविधान को बदलने और धर्म आधारित आरक्षण लाने का बड़ा प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ऐसे में इसका परिणाम क्या होगा जब मुस्लिम समुदाय अपनी जनसंख्या नौ प्रतिशत से बढ़ाकर 14.5 प्रतिशत कर रहा है और कुछ राजनीतिक ताकतें हैं जो उन्हें आरक्षण देना चाहती हैं। उन्होंने कहा, इसका ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों पर क्या असर होगा जो भारत में सदियों से पीड़ित हैं और विकास से वंचित रह गए हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि ये सवाल पूछे जाने चाहिए और जवाब दिए जाने की जरूरत है क्योंकि ये लोग भारत के भविष्य को आकार देंगे।

## बिना जनगणना कराये केंद्र ने कैसे तैयार की हिंदू-मुस्लिम जनसंख्या रिपोर्ट : तेजस्वी

### बोलें-हिंदू-मुस्लिम की भावना त्यागें और मुद्दों पर बात करें पीएम

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट पर संदेह जताते हुए बृहस्पतिवार को पूछा कि बिना जनगणना कराए केंद्र ने कैसे हिंदू-मुस्लिम जनसंख्या रिपोर्ट तैयार कर ली। ईएसी-पीएम की रिपोर्ट में मुस्लिम आबादी में वृद्धि, जबकि हिंदू आबादी प्रतिशत में गिरावट का दावा किया गया है। राष्ट्रीय जनता दल नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार मौजूदा लोकसभा चुनाव के दौरान देश के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए हिंदू-मुस्लिम के बीच दरार पैदा कर रही है। उन्होंने पूछा, आप जनगणना कराए बिना ही आंकड़ों पर (कैसे) पहुंच गए? क्या 2021 में जनगणना नहीं होनी थी? आप देश के प्रधानमंत्री हैं। कृपया हिंदू-मुस्लिम की भावना त्यागें और मुद्दों पर बात करें। राजद नेता ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब पत्रकारों ने ईएसी-पीएम रिपोर्ट पर उनसे सवाल पूछे। धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी: देशव्यापी विश्लेषण (1950-2015) शीर्षक से जारी ईएसी-पीएम की रिपोर्ट में कहा गया है कि 1950 और 2015 के बीच देश की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी 84.68 प्रतिशत से 7.82 प्रतिशत घटकर 78.06 प्रतिशत रह गयी, जबकि इस अवधि के दौरान मुसलमानों



की आबादी में हिस्सेदारी 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, न तो प्रधानमंत्री और न ही भाजपा नेता बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात करेंगे। प्रधानमंत्री बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के बारे में बात नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सिर्फ समाज में दरार पैदा करने की कोशिश कर रही है। वे संविधान बदलना चाहते हैं। हम विभाजनकारी ताकतों को समाज में दरार पैदा करने की अनुमति नहीं देंगे। राजद नेता ने पटना में 12 मई को प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित रोड शो के बारे में पूछे जाने पर कहा कि मोदी को रोड शो या एयर शो करने दीजिए, इससे कुछ भी नहीं बदलने वाला है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बिहार के साथ-साथ देशभर में करारी हार का सामना करना पड़ेगा। हम (ह्यइंडियाह्न गठबंधन) जॉब शो के बारे में बात कर रहे हैं। केंद्र में सत्ता में आने पर हम बेरोजगार युवाओं को एक करोड़ नौकरियां प्रदान करेंगे।

## कांग्रेस और उसके सहयोगी तुष्टिकरण की राजनीति कर भारत को इस्लामिक देश बनाना चाहते हैं : गिरिराज

प्रात : किरण

बेगूसराय /एजेंसी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दल भारत को इस्लामिक राज्य बनाने का प्रयास बनाना चाहते हैं। सिंह ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, देश में हिंदू आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है। देश जब आजाद हुआ तब हिंदुओं की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 88 प्रतिशत थी। यह अब 70 प्रतिशत पर आ गयी है जबकि मुस्लिम आबादी 1947 के सात फीसदी से बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत हो गई है।

उन्होंने कहा, यह सब कांग्रेस पार्टी की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हुआ। कांग्रेस और उसके सहयोगी तुष्टिकरण की राजनीति के माध्यम से भारत को एक इस्लामिक राज्य बनाना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह टिप्पणी पत्रकारों द्वारा प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा किए गए एक नवीनतम खुलासे के बारे में पूछे जाने की। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस सरकार ही थी जिसने 1971 के बाद विशेष रूप से बिहार और देश के अन्य हिस्सों में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों और रोहिंग्याओं को आश्रय दिया। यह सब कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हुआ। यहां तक



कि मुसलमानों का प्रजनन दर भी हिंदुओं से लगभग 1.25 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगी संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन करके पिछले दरवाजे से मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं। वे धर्म के आधार पर आरक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं।

भाजपा के नेतृत्व वाला राजग ऐसा बिल्कुल नहीं होने देगा। बेगुसराय लोकसभा सीट से फिर से चुनाव लड़ रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने कहा, इंडिया गठबंधन सनातन धर्म के खिलाफ है। उसके नेता अपनी वोट बैंक की राजनीति के तहत सनातन धर्म को निशाना बनाते हैं। वे वोट-जिहाद को बढ़ावा दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन के नेताओं की मंशा बहुत खतरनाक है। वे मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के खिलाफ वोट जिहाद में लिप्त हैं। वे एक खास धर्म के लोगों से एकजुट होकर राजग गठबंधन के खिलाफ वोट करने का आह्वान कर रहे हैं।

## नस्ल, चमड़ी के रंग के आधार पर कांग्रेस देश को बांटने पर आमादा : सम्राट

### राजद-कांग्रेस ने उत्तर भारतीयों के खिलाफ बयान पर चुप्पी साध कर मौन समर्थन दिया

प्रात : किरण

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि चुनावी पराजय को सामने देख कर कांग्रेस नस्ल और चमड़ी के रंग के आधार पर देश को बांटने और भारतीयों में विभेद पैदा करना चाहती है। राहुल गांधी के मेंटर सैम पित्रोदा का नस्ली बयान घोर आपत्तिजनक और निंदनीय है। श्री चौधरी ने कहा कि इंडी गठबंधन ने पहले उत्तर-दक्षिण के नाम पर देश को विभाजित करने का अभियान चलाया, अब नस्ल और रंग को आधार बना रहा है। इंडी गठबंधन में शामिल डीएमके नेता और कांग्रेस के आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री रेवन्त रेड्डी ने इसी अभियान



के तहत उत्तर भारतीयों के खिलाफ बयान दिया था। उत्तर भारत को गौ-मूत्र प्रदेश और उत्तर भारतीयों को शौचालय और सड़कों की सफाई करने वाला बता कर अपमानित किया गया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस ने उत्तर भारतीयों के खिलाफ बयान पर चुप्पी साध कर एक तरह से उत्तर भारतीयों का अपमान करने वालों को अपना मौन समर्थन दिया है। राजद नेता लालू यादव को कांग्रेस नेता के नस्ली बयान पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस और राजद बांटो और राज करो की अपनी नीति पर देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा देश :** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार नित्यानंद राय के समर्थन में आयोजित भव्य जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री जब भ्रष्टाचार मिटाने की बात करते हैं तो विरोधी तिलमिलाए हुए हैं।

**लालू राज में आरक्षण की परिभाषा सिर्फ परिवारवाद :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने जहानाबाद में जदयू प्रत्याशी चंदेश्वर चंद्रवंशी के नामांकन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी तर्क-वितर्क, भेद मिटाकर जहानाबाद की जनता देश के लिए प्रचंड बहुमत से मोदी सरकार लाएगी। क्योंकि देश के लिए, बिहार के लिए और जहानाबाद के लिए मोदी जी जरूरी है। चौधरी ने कहा कि मोदी जी और नीतीश जी की डबल इंजन की सरकार में गरीबों का विकास हुआ है। करोड़ों गरीबों को पक्का मकान मिला।

## तमिलनाडु: पटाखा फैक्टरी में धमाका, 8 मजदूरों की मौत

प्रात : किरण

चेन्नई (तमिलनाडु)/एजेंसी। राज्य के शिवकाशी के पास सेंगामालापट्टी की पटाखा फैक्टरी में विस्फोट में 5 महिलाओं सहित कम से कम 08 श्रमिकों की जान चली गई। धमाके में 10 अन्य घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना पटाखा बनाने के दौरान घटी। धमाके में 8 श्रमिकों की जान चली गई और 10 श्रमिक घायल हैं। पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मियों ने घायलों को शिवकाशी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। धमाका इतना जबर्दस्त था कि फैक्टरी के 7 कमरे ध्वस्त हो गए। एक वरिष्ठ



पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में एक व्यक्ति की हालत बहुत गंभीर है। उन्होंने बताया कि विरुधुनगर जिले के शिवकाशी के पास सेंगामालापट्टी में निजी पटाखा फैक्टरी में दोपहर में विस्फोट हुआ। अग्निशमन एवं बचाव सेवाकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। शिवकाशी पूर्व पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरू : राहुल

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के युवाओं को आश्वासन दिया है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहकावे में नहीं आए और कांग्रेस को वोट दें। उन्होंने कहा कि 4 जून को आ रहे लोकसभा की चुनाव परिणाम में यदि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा ह्लदेश के युवाओं, 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो।

## सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को किया ढेर

### 40 घंटे के बाद खत्म हुआ कुलगाम में मुठभेड़

प्रात : किरण

श्रीनगर/एजेंसी। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में करीब 40 घंटे बाद आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ खत्म हो गई है. सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। भारतीय सेना की चिनार कोर ने एक्स पर जानकारी दी कि कुलगाम के रेडवानी पाइन जनरल इलाके में 6-7 मई की मध्यरात्रि को शुरू किया गया संयुक्त अभियान लगभग 40 घंटे की निरंतर निगरानी के बाद समाप्त हो गया है। साथ ही तीन आतंकी भी मारे गए हैं। रेडवानी इलाके में सोमवार से चल रही मुठभेड़ में बुधवार शाम को सुरक्षा बलों ने एक



और आतंकी को मार गिराया। इसके साथ ही इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। इससे पहले मंगलवार को टीआरएफ के शीर्ष कमांडर बासित अहमद डार और उनके सहयोगी फहीम अहमद बाबा की हत्या कर दी गई थी। जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात इलाके में तीन आतंकियों बासित अहमद डार, फहीम अहमद बाबा और मोमिन की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में ऑपरेशन शुरू कर दिया था।

**पुंछ हमले में शामिल तीन आतंकियों की तस्वीरें आई सामने :** पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में लश्कर-ए-तैयबा कमांडर अबू हमजा समेत तीन से ज्यादा आतंकी शामिल थे. सीसीटीवी में कैद तीन आतंकियों की तस्वीरें बुधवार को वायरल हो गई. एक प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि शनिवार को हुए हमले में आतंकी 20 मिनट तक अंधाधुंध फायरिंग करते रहे।

## यह चुनाव वोट फॉर जिहाद के विपरीत वोट फॉर विकास का है : शाह

प्रात : किरण

भोनगीर/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेन्द्र मोदी हैं। ये चुनाव जिहाद के लिए वोट के खिलाफ विकास के लिए वोट को लेकर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ये चुनाव मोदी की भारतीय गारंटी और राहुल गांधी की चीनी गारंटी के बीच हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 2024 का चुनाव राहुल गांधी और नरेंद्र मोदी के बीच का चुनाव है। यह चुनाव वोट फॉर जिहाद के विपरीत वोट फॉर विकास का चुनाव



है। यह चुनाव राहुल गांधी की चाइनीज गारंटी के खिलाफ मोदी जी की भारतीय गारंटी का है। कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन को तुष्टीकरण की तिकड़ी बताते हुए शाह ने कहा कि ये दल राम नवमी जुलूस नहीं निकालने देते और नागरिकता संशोधन कानून का विरोध भी करते हैं। उन्होंने कहा, ये लोग हैदराबाद मुक्ति दिवस (17 सितंबर) नहीं मनाने देते। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं। अमित शाह ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपने वादे पूरे नहीं करती है। हालांकि, पीएम मोदी अपने शब्दों पर कायम हैं।

कांग्रेस पार्टी ने राम निर्माण रोक दिया 70 साल पुराना मंदिर, सिर्फ पांच साल में पीएम मोदी ने केस जीता, भूमि पूजन और प्राण प्रतिष्ठा की। पीएम मोदी ने धारा 370 खत्म की, ताकि अनंत काल तक कश्मीर में तिरंगा लहराता रहे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 2019 में तेलंगाना की जनता ने हमें 4 सीटें दीं। इस बार हम तेलंगाना में 10 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेंगे। तेलंगाना में यह डबल डिजिट स्कोर पीएम मोदी को 400 सीटों के पार पहुंचा देगा। कांग्रेस झूठ बोलकर चुनाव लड़ना चाहती है और कहते हैं कि अगर पीएम मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे। पीएम मोदी पिछले 10 साल से इस देश का नेतृत्व एकमत से कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने आरक्षण खत्म नहीं किया। पार्टी ने मुसलमानों को 4% आरक्षण देकर एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण लूट लिया है अगर आप बीजेपी को जिताएंगे तो हम एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण बढ़ा देंगे।

**प्रभावित** — चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण अब तक100 से अधिक उड़ानें की जा चुकी हैं रद्द

## चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण एअर इंडिया एक्सप्रेस ने रद्द कीं 85 उड़ान

प्रात : किरण

मुंबई/नई दिल्ली/एजेंसी। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण बृहस्पतिवार को 85 उड़ान रद्द कर दीं और कहा कि व्यवधान को कम करने के लिए एअर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी। सूत्रों ने बताया कि एक अहम फैसले में एअर इंडिया ने चालक दल के कम से कम 25 उन सदस्यों को बर्खास्त करने संबंधी पत्र जारी किए हैं जिन्होंने एअरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में मंगलवार रात से बीमार होने की सूचना देनी प्रारंभ की।

चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण मंगलवार रात से 100 से अधिक उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। एअरलाइन ने प्रत्यक्ष तौर पर बर्खास्तगी पत्र के बारे में कुछ नहीं बताया लेकिन यह कहा कि वह कुछ व्यक्तियों के खिलाफ





उचित कदम उठा रही है क्योंकि उनके कार्यों से हजारों यात्रियों को घोर असुविधा हुई है। एअरलाइन ने बृहस्पतिवार को एक संशोधित बयान में कहा, हम आज 283 उड़ानें संचालित करेंगे। हमने सभी संसाधन जुटा लिए हैं और एअर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर परिचालन करके हमारी मदद करेगी। हमारी 85 उड़ानें रद्द हो गई हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअरलाइन प्रतिदिन लगभग 368 उड़ानें संचालित करती है जिसे देखते हुए उड़ान रद्द होने का प्रतिशत 23 है। पहले के बयान में एअरलाइन ने कहा था कि उसने 74 उड़ान रद्द कर दी हैं और 292 सेवाओं का संचालन करेगी। एअरलाइन ने यात्रियों से कहा कि वे हवाईअड्डे पर आने से पहले यह जांच लें कि उनकी उड़ान प्रभावित तो नहीं हुई है। एअरलाइन ने यह भी कहा कि यदि उड़ान रद्द हुई है या तीन घंटे से अधिक देर से संचालित होनी है तो यात्री पूरे पैसे लौटाने या बाद की किसी तारीख के लिए बुकिंग करा सकते हैं।

**30 सीनियर क्रू-मेंबर्स को किया बर्खास्त:** टाटा समूह की एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने 30 वरिष्ठ केबिन क्रू- मेंबर्स को काम पर न आने के कारण नौकरी से बर्खास्त कर दिया। निकाले गए यह कर्मचारी सात मई की रात अचानक सामूहिक अवकाश पर चले गए थे। इसकी वजह से एयरलाइन को 90 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं। इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आलोक सिंह ने कहा है कि आज और आने वाले दिनों में भी कई फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ सकती हैं। कंपनी उड़ानों में भी कटौती करेगी। कंपनी ने बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को भेजे गए सेवा समाप्ति पत्र में कहा है कि आपका कार्य, उड़ान का संचालन न करना और कंपनी की सेवाओं को बाधित करना कानूनों का उल्लंघन है। यह एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड कर्मचारी सेवा नियमों का भी उल्लंघन है। कंपनी ने बयान में कहा है कि हम अभूतपूर्व उड़ान देरी और रद्दीकरण के कारण हुई असुविधा के लिए ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं। हम व्यवधानों को कम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कृपया हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करें। यदि आपकी उड़ान प्रभावित होती है, तो कृपया रिफंड और पुनर्निर्धारण सहायता के लिए व्हाट्स ऐप पर संपर्क करें।

## भारत-मालदीव संबंधों का विकास आपसी हितों पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित: जयशंकर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष मूसा जमीर के साथ बातचीत में कहा कि दोनों देशों के रिश्तों का विकास आपसी हित और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। छह महीने पहले मालदीव में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद पहली उच्च स्तरीय यात्रा के तहत जमीर दिल्ली आए हैं। जमीर के साथ अपनी बातचीत शुरू करते हुए जयशंकर ने कहा, करीबी और निकटतम पड़ोसी होने के नाते हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। उन्होंने कहा, जहां तक भारत का सवाल है तो ये हमारी पड़ोस प्रथम नीति और सागर



(क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) दृष्टिकोण में व्यक्त किया गया है। मुझे आशा है कि आज की हमारी बैठक में हम विभिन्न क्षेत्रों में हमारे दृष्टिकोणों को मजबूत कर पाएंगे। मुइज्जू द्वीपीय राष्ट्र से भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी पर जोर दे रहे हैं जिससे दोनों देशों के संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था। भारत पहले ही अपने अधिकतर सैन्यकर्मियों को वापस बुला चुका है। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्य टुकड़ियों की वापसी के लिए 10 मई की समय सीमा तय की थी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 मई, 2024



# ऑनलाइन पंजीकरण: 22 लाख से अधिक लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**देहरादून, एजेंसी।**
यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को खुल जाएंगे। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। चारधाम यात्रा के लिए बुधवार तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीयन करा चुके हैं।

चारधाम यात्रा आज से शुरू होने जा रही है। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। चारधाम यात्रा के लिए बुधवार तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीयन करा चुके हैं। उधर, मंदिर समिति ने यात्रा के दौरान मोबाइल से रील न बनाने की अपील की है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि चारधाम यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने फिलहाल 25 मई तक सभी राज्यों से वीआईपी, वीवीआईपी को दर्शन के लिए न आने का अनुरोध किया है। समिति अध्यक्ष ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे भक्तिभाव से दर्शन करने आएं, सोशल मीडिया की रील बनाने से बचें। मंदिर समिति भविष्य में मोबाइल को प्रतिबंधित करने पर भी विचार कर रही है।

चारधाम यात्रा पंजीकरण का आंकड़ा बुधवार को 22 लाख पार हो गया। यमुनोत्री के लिए तीन लाख 44 हजार 150, गंगोत्री के लिए तीन लाख 91 हजार 812, केदारनाथ के लिए सात लाख 60 हजार 254, बदरीनाथ के लिए छह लाख 58 हजार 486 और हेमकुंड साहिब के लिए



45 हजार 959 पंजीकरण हो चुके हैं। बुधवार को दिनभर में 59 हजार 804 पंजीकरण दर्ज किए गए हैं।

बदरीनाथ धाम में मिलेगा टोकन...बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए लाइन में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यात्रियों को दर्शन के लिए टोकन जारी किया जाएगा।

हरिद्वार में चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण की अनिवार्यता यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन गई। ऑनलाइन पंजीकरण के जहां स्लॉट पूरी तरह भर चुके हैं वहीं ऑफ लाइन पंजीकरण की शुरुआत बुधवार से हुई। पहले ही दिन करीब पांच हजार की भीड़ जमा हो गई। इससे ऑफलाइन पंजीकरण की पूरी व्यवस्था धड़ाम हो गई। वहीं, देर रात तक पंजीकरण के लिए यात्रियों की भीड़ लगी रही।

हरिद्वार में पर्यटक विभाग ने कुल छह काउंटर पर पंजीकरण की सुविधा दी, लेकिन तड़के चार बजे से ही यात्रियों की भारी भीड़ विभाग के ऑफिस पहुंच गई। सुबह आठ बजे तक अफरा-तफरी के माहौल में पंजीकरण शुरू ही नहीं हो सका। हालात बिगड़ता देख पर्यटन अधिकारी सुरेश यादव ने जिला प्रशासन से पुलिस बल की मांग की। करीब दस बजे एसडीएम सदर और एक घंटे बाद सिटी मजिस्ट्रेट के पहुंचने पर कुछ स्थिति संभली। वहीं पुलिस बल और पीएसी जवानों की करीब एक टुकड़ी पहुंची, जिन्होंने पहले काउंटर तक पहुंचने की आपाधापी मचा रहे लोगों को कतारबद्ध किया। पुलिस और पीएसी के जवानों की मौजूदगी में कतारबद्ध लोगों के पंजीकरण का कार्य शुरू हुआ, लेकिन शिथिल गति और छह काउंटर भीड़ के आगे पूरी तरह बौनी दिखी। इसको देखते हुए इंस्पेक्टर कोतवाली कुंदन सिंह राणा ने स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण की आपाधापी में सबसे ज्यादा परेशानी तब बढ़ी जब चिलचिलाती धूप में लाइनों में खड़े लोगों ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। स्थिति संभलते नहीं दिखी तो सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान और एसडीएम अजयवीर सिंह पर्यटन विभाग के कार्यालय परिसर में मौजूद जीएमवीएन के होटल राही में निर्माणाधीन कमरों में काम रुकवाया और वहां पर अतिरिक्त काउंटर संचालित करने का निर्णय लिया। एसडीएम ने आपदा प्रकोष्ठ में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को तत्काल बुलाया और छह काउंटरों पर उन्हें पंजीकरण के लिए लगा दिया। भीड़ को कुल चार हिस्सों में बांटा गया और फिर पंजीकरण का कार्य शुरू हो सका। साथ ही धूप से बचने के लिए टैंट और पेयजल की व्यवस्था की भी कराई गई।

ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा नहीं मिलने के कारण अधिक परेशानी उठानी पड़ी। पूर्व के वर्षों में ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा दी जाती रही। इससे शिक्षित लोग सुविधा के अनुसार स्वतः पंजीकरण कर लेते थे, या तो पंजीकरण कार्यालय पर पहुंचने पर उनकी पर्यटन विभाग की ओर से लगाए गए कर्मचारी मदद कर मोबाइल पर ही पंजीकरण करा देते थे। इस बार ऑनलाइन पंजीकरण बंद होने के कारण लोगों को विभाग के पोर्टल के जरिए पंजीकरण कराने की अनिवार्यता के पेंच में फंसना पड़ा।

## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से दो स्कूली छात्राओं की मौत, सीएम धामी ने जताया शोक

**चंपावत, एजेंसी।** उत्तराखंड के चंपावत जिले में बुधवार को एक ट्रैक्टर ट्राली के पलट जाने से उसके नीचे दबकर दो स्कूली छात्राओं की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। चंपावत के पुलिस अधीक्षक गणपति ने बताया कि दुर्घटना दोपहर बाद सूखीढांग-मिनार मार्ग पर उस समय हुई, जब तलियाबांज हाईस्कूल में पढ़ने वाली दो छात्राएं घर लौट रही थीं।

अधिकारी ने बताया कि मृतक छात्राएं बुढ़म क्षेत्र के सुकनी गांव की कविता (17) और अनीता (16) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों छात्राएं पैदल घर आ रही थीं लेकिन रास्ते में वे सड़क निर्माण के लिए सामान ढो रहे टैक्टर ट्राली में सवार हो गईं। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही टैक्टर थोड़ी दूर पहुंचा कि तभी अचानक ट्रॉली पलट गई और दोनों उसके नीचे दब गईं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर शोक व्यक्त किया।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने उनके परिजनों से फोन पर बात की और उन्हें ढांढस बंधाया। पुलिस ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए टनकपुर अस्पताल लाया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### जिला प्रशासन ने मारा छापा, होटलों से लिए सैंपल

**नैनीताल, एजेंसी।** नगर में पर्यटन सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से होटलों में लगातार कार्रवाई जारी है। मंगलवार को एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने मालरोड व अयारपाटा क्षेत्र के होटलों में छापा मारा। मालरोड स्थित होटल हिमट्रेक में एंट्री रजिस्टर सत्यापित नहीं मिला। वहीं बंगाली होटल में नेपाल के पर्यटकों का सी फार्म सही भरा नहीं था। अयारपाटा क्षेत्र में जीवी इन होटल के किचन में घरेलू सिलिंडर प्रयोग होता मिला। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से होटल माउंटेन मिस्ट व द फर्न विला से पनीर और जीवी होटल से ब्रेड के सेंपल भरे। एसडीएम ने बताया कि होटल हिमट्रेक, अहुजा होटल, बंगाली होटल, फर्न विला व जीवी इन के संचालक को पर्यटन विभाग की ओर से चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। यदि नोटिस के बाद भी मानकों को पूरा नहीं किया तो चालानी कार्रवाई के साथ होटल सील किया जाएगा। अभियान में जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, ईओ पूजा चंद्रा, एसएसआई पीएस मेहरा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### बीच सड़क पलटी कार, तीन घायल

**कालाढूंगी, एजेंसी।** लाल मिट्टी के पास मंगलवार को बेक्र फेल होने से कार पलट गई। जिससे कार सवार तीन लोग घायल हो गए। सभी लोग नैनीताल से वापस रामपुर जा रहे थे। रामपुर के स्वार निवासी उमेश वर्मा अपनी पत्नी भावना व भतीजी गोरी वर्मा के साथ रामनगर हनुमान धाम दर्शन के बाद नैनीताल घूमने आए थे। नैनीताल से उमेश वर्मा अपनी कार यूपी22 डब्ल्यू 1543 से वापस लौट रहे थे। इस दौरान लाल मिट्टी के पास ब्रेक फेल होने के बाद कार सड़क पर पलट गई। हादसे में तीनों लोग घायल हो गए। मार्ग पर छोई के पास हैंड ब्रेक लगने से कार पलट गई। गनीमत रही कि कार सवार लोगों को मामूली चोटे आई।

### काशीपुर में बढ़ा प्रदूषण, एक मई के बाद लगातार एक्यूआई में दर्ज की गई बढ़ोतरी

**काशीपुर, एजेंसी।** काशीपुर की हवा में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। पिछले एक सप्ताह में हवा में प्रदूषण के कण सामान्य से अधिक पाए गए हैं। काशीपुर स्थित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि एक मई को काशीपुर की हवा सामान्य थी। इसमें एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) की स्थित 98 दर्ज की गई थी। इसके बाद प्रदूषण के कणों में बढ़ोतरी हुई। दो मई को 107, तीन मई को 127, चार मई को 110, पांच मई को 111 और छह मई को एक्यूआई 159 दर्ज किया गया। सात मई को भी स्थिति ऐसी ही रही।

## हाईकोर्ट की एक बेंच को ऋषिकेश शिफ्ट करने को लेकर हंगामा, वकीलों में नाराजगी

**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड हाईकोर्ट की एक बेंच को हरिद्वार जिले के ऋषिकेश स्थित आईडीपीएल शिफ्ट करने को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाईकोर्ट की तरफ से एक बेंच को ऋषिकेश शिफ्ट करने के आदेश के खिलाफ वकीलों के विरोध के कारण बुधवार दोपहर 2 बजे फिर सुनवाई होगी।

हरिद्वार जिले में ऋषिकेश स्थित आईडीपीएल की कुछ याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में सुनवाई चल रही थी। इस याचिका में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी भी मामले में ऑनलाइन जुड़ी थी। सुनवाई के बाद आर्डर लिखाते समय मुख्य न्यायाधीश ने हाईकोर्ट को गौलापार शिफ्ट करने को गलत कदम बताते हुए कहा कि इसके लिए उपयुक्त स्थल ऋषिकेश में आईडीपीएल की 850 एकड़



भूमि रहेगी।

बताया गया कि इस भूमि में से 130 एकड़ भूमि में पूर्व कर्मचारी रहते हैं। न्यायालय में मौखिक आदेश पारित होते ही अधिवक्ताओं के बीच खलबली मच गई और सभी बार सभागार में एकत्रित हो गए। अधिवक्ता इतने नाराज दिखे की वो चलते कोर्ट में सीधे मुख्य न्यायाधीश से मिलने पहुंच गए। अधिवक्ताओं ने अपनी नाराजगी जताई तो न्यायालय ने उन्हें दोपहर दो बजे मिलने को कहा।

## बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं को लाइन में लगने की टेंशन खत्म, दर्शन के लिए मिलेगा टोकन

**चमोली, एजेंसी।** बदरीनाथ धाम में दर्शन करने के लिए यात्रियों की लंबी लाइन लग जाती है जिसे देखते हुए प्रशासन ने धाम में टोकन व्यवस्था लागू की है।

बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए लाइन में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यात्रियों को दर्शन के लिए टोकन जारी किया जाएगा। टोकन में अंकित समय पर ही वह मंदिर में जाकर दर्शन कर सकेंगे। बुधवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बैठक ली और टोकन के लिए समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

बदरीनाथ धाम में दर्शन करने के लिए यात्रियों की लंबी लाइन लग जाती है जिसे देखते हुए प्रशासन ने धाम में टोकन व्यवस्था लागू की है। क्यू मैनेजमेंट सिस्टम के तहत धाम में आने वाले तीर्थयात्री पर्यटन विभाग की ओर से धाम में स्थापित किए रजिस्ट्रेशन काउंटर पर जाएंगे। वहां उन्हें अपना रजिस्ट्रेशन नंबर दिखाना होगा।

रजिस्ट्रेशन नंबर को क्यू आर कोड से स्कैन करने पर यात्रियों को एक टोकन दिया जाएगा



जिसमें दर्शन का समय अंकित होगा। इससे यात्रियों को लाइन में नहीं लगना पड़ेगा और वह आसानी से बदरीविशाल के दर्शन कर सकेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम चंद्रशेखर वशिष्ट, जिला पर्यटन विकास अधिकारी बृजेंद्र पांडेय व मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से बदरीनाथ धाम में पिछले साल भी टोकन व्यवस्था लागू की गई थी लेकिन भीड़ बढ़ने पर सभी को टोकन नहीं मिल पाया और यह व्यवस्था फ्लॉप साबित रही। कई यात्रियों को टोकन की जानकारी भी नहीं थी। हालांकि प्रशासन का दावा है कि इस बार व्यवस्था को बेहतर ढंग से लागू किया जा रहा है।

## जागेश्वर धाम में चल रही थी खुदाई...तभी अचानक मिला शिवलिंग, एक झलक पाने को बेताब हो गए लोग

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जागेश्वर धाम में खुदाई के दौरान अचानक जमीन के भीतर दो शिवलिंग मिले। शिवलिंग मिलने की सूचना पर भक्त भगवान शिव के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

जागेश्वर धाम में खुदाई के दौरान अचानक जमीन के भीतर दो शिवलिंग मिले। शिवलिंग मिलने की सूचना पर भक्त भगवान शिव के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। वहीं एएसआई इन शिवलिंग को सुरक्षित रखेगी। शिवलिंगों को 14वीं सदी का बताया जा रहा है।

विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में मास्टर प्लान के तहत इलुमिनेशन का काम चल रहा है, इसके लिए खुदाई की जा रही है। बुधवार सुबह श्रमिक खुदाई के काम में जुटे थे तभी धाम में जमीन के भीतर अद्भुत शिवलिंग मिला। श्रमिकों को जागेश्वर मंदिर के ठीक पीछे प्राचीन शिवलिंग नजर आया। कुछ ही देर में यह जानकारी पूरे क्षेत्र में फैल गई तो सैकड़ों भक्त शिवलिंग के दर्शन को धाम पहुंच गए। भक्तों ने रोली, चंदन और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव का विधिवत पूजन किया और भोले के जयकारे लगाए। वहीं शिवलिंग मिलने पर कार्यदाई संस्थान ने इस स्थान पर खुदाई रोक दी है। एएसआई के मुताबिक शिवलिंग 14वीं शताब्दी के हैं, इन्हें सुरक्षित रखा जाएगा।

मान्यताओं के अनुसार जागेश्वर धाम से ही पृथ्वी पर लिंग के रूप में भगवान शिव के पूजन की शुरुआत हुई थी। जागेश्वर मंदिर समूह में भगवान शिव के करीब 108 मंदिर हैं। जागेश्वर से डेढ़ किमी दूर कोटेश्वर में कोटलिंग नामक स्थान पर पूर्व में भी खुदाई के दौरान कई शिवलिंग मिल चुके हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम भी कोटलिंग का सर्वे कर चुकी है।

अल्मोड़ा में स्थानीय लोगों के अनुसार धाम में खुदाई के दौरान 10 साल पूर्व भगवान विष्णु की मूर्ति भी मिल चुकी है।

## पौड़ी में फिर मददगार बनी वायुसेना, हेलीकॉप्टर ने 35 हजार लीटर पानी गिराकर बुझाई आग

**पौड़ी, एजेंसी।** हेलीकॉप्टर ने श्रीनगर के डैम से सात राउंड में अदवाणी के अंदरूनी क्षेत्रों व चौरकंडी के जंगलों में 35 हजार लीटर पानी गिराकर जंगलों की आग बुझाई। पौड़ी प्रशासन की लाख कोशिशों के बाद भी मुख्यालय व आस पास के क्षेत्रों के जंगलों में लगी आग कम होने का नाम नहीं ले रही। बीती मंगलवार देरशाम से पौड़ी-श्रीनगर हाईवे पर निचली गडोली, बैंग्वाड़ी, मल्ली, बरसुड़ी आदि गांवों के समीप व डोभ श्रीकोट के ऊपरी हिस्सों में जंगल धधकते रहे। उधर, मुख्यालय में बुधवार को दृश्यता साफ होने के चलते तीसरे दिन सुबह साढ़े नौ बजे देहरादून से वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने पौड़ी पहुंचकर अभियान को शुरू किया। विभाग के मुताबिक, हेलीकॉप्टर ने श्रीनगर के डैम से सात राउंड में अदवाणी के अंदरूनी क्षेत्रों व चौरकंडी के जंगलों में 35 हजार लीटर पानी गिराकर जंगलों की आग बुझाई। डीएफओ गढ़वाल वन प्रभाग स्वप्निल अनिरूद्ध ने बताया कि इस अभियान में हेलीकॉप्टर की सेवाएं बुधवार तक ही ली गई थी। वन विभाग के मुताबिक, पौड़ी में अभी तक वनाग्नि की 187 घटनाओं में 232.88 हेक्टेयर जंगल जल चुका है। गढ़वाल वन प्रभाग के तहत आरिक्षत वनों में 80 घटनाएं व 153.58 हेक्टेयर जबकि सिविल में 107 घटनाएं व 79.30 हेक्टेयर क्षेत्र में वन संपदा को नुकसान पहुंचा।

## हाईकोर्ट की पीठ ऋषिकेश में शिफ्ट करने की संभावना तलाशने के लिए राज्य सरकार को कहा

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बुधवार को राज्य सरकार से उच्च न्यायालय की एक पीठ ऋषिकेश स्थित आइडीपीएल में हस्तांतरित करने की संभावनाएं तलाशने के लिये कहा है। इस आशय का एक न्यायिक आदेश उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश कुमार थपलियाल की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर दिया।

याचिका में ऋषिकेश में आईडीपीएल की विशाल कॉलोनी में अब भी रह रहे कंपनी के पूर्व कर्मचारियों को वहां से हटाए जाने की प्रार्थना की गयी है। इस दौरान उत्तराखंड के महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर अदालत में मौजूद थे। प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी वर्चुअल रूप से कार्रवाई में जुड़ीं। ऋषिकेश में आईडीपीएल फैक्ट्री बरसों से बंद पड़ी है लेकिन 850 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में फैले इसके विशाल परिसर में इसके पूर्व कर्मचारी अब भी रह रहे हैं। उच्च न्यायालय के जुबानी आदेश पर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसने तत्काल एक बैठक बुलाकर इस पर कड़ा विरोध जताया और कहा कि उच्च न्यायालय की पीठ ऋषिकेश शिफ्ट करने से कोई फायदा नहीं होगा।

वहीं एसोसियेशन ने कहा कि यह न तो याचिकाकर्ताओं के हक में होगा।

# सड़क और नाली निर्माण के नाम पर लाखों डकारने के आरोपों की जांच शुरू

**काशीपुर, एजेंसी।**
प्रशासन की ओर से गठित समिति ने ग्राम फिरोजपुर में हुए विकास कार्यों के नाम पर कथित धांधली के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। जांच करने आई समिति दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर संबंधित दस्तावेज अपने साथ ले गई। इस दौरान दोनों पक्षों के समर्थक मौके पर जमा हो गए और विवाद करने लगे। ऐसे में झगड़े के हालात बन गए जिसे शांत कराने के लिए पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी।

मार्च में ग्राम फिरोजपुर निवासी जय सिंह गौतम ने डीएम, सीडीओ और जिला पंचायत अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा। जिसमें आरोप लगाया गया था कि ग्राम मानपुर फिरोजपुर में कई विकास कार्यों को दो-दो स्थानों पर करना दिखाकर लाखों रुपये का गबन किया गया है। बीडीओ की ओर से उन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सूचना उपलब्ध कराई है। जिसके माध्यम से शिकायत कर्ता ने बताया कि ग्राम फिरोजपुर



मानपुर में एक सड़क को दो-दो जगह दिखाकर सरकारी धन हड़पा गया है। इसी तरह नाली निर्माण कार्य में भी गबन किया गया है। उन्होंने वित्तीय अनियमिताओं के मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाकर निष्पक्ष जांच करने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी।

मंगलवार सुबह 11 बजे राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची। दोनों पक्षों से संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां भी ली गईं। इस बीच दोनों पक्षों के लोगों के बीच समिति के सामने बहस हो गई। इधर झगड़े की आशंका को देखते हुए जांच समिति ने पुलिस भी मौके पर बुला ली। इसके बाद समिति ने मौके पर जाकर भी जांच की। जांच समिति में कृषि भूमि एवं सरंक्षण अधिकारी शशि कमल, ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता मदनमोहन, एबीडीओ संजय कुमार, सचिव सतीश सैनी आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 मई, 2024



# आप ने पूर्वी दिल्ली में आईपी एक्सटेंशन आरडब्ल्यूए के साथ संवाद कर की काम की राजनीति को वोट करने की अपील

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के आईपी एक्सटेंशन रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के सदस्यों के साथ जन संवाद किया। इस जन संवाद में दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल, पूर्वी दिल्ली लोकसभा से इंडिया गठबंधन के आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार शामिल हुए। इस दौरान आम आदमी पार्टी ने पिछले 10 वर्षों के अरविंद केजरीवाल के शासन मॉडल की प्रगति रिपोर्ट पेश किया। जिनकी मदद से दिल्ली निवासियों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। साथ ही, पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में अगले 5 वर्षों के लिए शासन के विजन की रूपरेखा भी बताई गई। आप ने आरडब्ल्यूए से अपील की कि वे लोकसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की काम की राजनीति को वोट करें और एक जवाबदेह सांसद चुनें, जो आपके लिए काम करे। इस दौरान कुलदीप कुमार ने आरडब्ल्यूए को जमुनापार (यमुना पार क्षेत्र) के विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई और भाजपा द्वारा की उपेक्षा को दूर कर पूरे क्षेत्र को प्रगति की ओर ले जाने का वादा किया।




आप के वरिष्ठ नेताओं ने आरडब्ल्यूए के सदस्यों के साथ सीएम अरविंद केजरीवाल के 10 सालों के शासन मॉडल पर चर्चा की। जिसके अंतर्गत दिल्लीवासियों के जीवन स्तर में बेहतर सुधार आया है। साथ ही, उन्होंने जमीनी स्तर पर काम करने वाले पूर्वी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार कुलदीप कुमार के लिए समर्थन मांगा।

एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने आप सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शानदार स्कूल, अस्पताल, मुफ्त बिजली और पानी, मोहल्ला क्लीनिक की सुविधा दी है। दिल्ली में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रीट लाइट लगवाए, सड़कों और गलियों का विकास किया है। अनधिकृत कॉलोनियों में किए गए विकास कार्य केजरीवाल के जन कल्याण के प्रति समर्पण को दिखाता है। जबकि भाजपा ने केवल केजरीवाल सरकार के काम में रुकावटें डालने के अलावा कोई काम नहीं किया। साथ ही पूर्वी दिल्ली में आरडब्ल्यूए की हमेशा उपेक्षा की है। यह चुनाव दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के शासन मॉडल को लाने का मौका है। मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा कि हम दिल्ली में आरडब्ल्यूए और दिल्ली के ईको सिस्टम को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आप की सरकार ने गाजीपुर लैंडफिल को साफ करने के लिए युद्ध स्तर पर काम करने के साथ-साथ एमसीडी स्कूलों की शिक्षा प्रणाली में सुधार के प्रयास भी तेज कर दिए हैं। वित्तीय वर्ष 2024 में सरकार ने इसके लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट आवंटित किया है। यह केजरीवाल सरकार की बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। सीएम अरविंद केजरीवाल की गैरकानूनी गिरफ्तारी पर मेयर ने कहा कि केवल आम आदमी पार्टी को चुनाव प्रचार रोकने और दिल्ली सरकार के काम में बाधा डालने के लिए एक झूठे मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है। अरविंद केजरीवाल का विजन हमारे और दिल्ली के लोगों के लिए मार्गदर्शक है। मुझे विश्वास है कि इस बार दिल्ली की आरडब्ल्यूए अपने मुख्यमंत्री के समर्थन में आगे आएंगी और इस चुनाव में बीजेपी की तानाशाह को करारा जवाब देंगी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि हर चुनाव चुनाव में भाजपा के नेता झूठे वादे करते हैं और जीतने के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्र से गायब हो जाते हैं। इसलिए भाजपा को हर चुनाव में अपना उम्मीदवार बदलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जो पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की बेहतरी के लिए काम करने में उनकी विफलता को साबित करता है। इसके विपरीत, आम आदमी पार्टी ने हमेशा जनता की भलाई को पहली प्राथमिकता दी है। इसीलिए हमने कुलदीप कुमार जैसे उम्मीदवार को चुना है, जो न केवल पूर्वी दिल्ली में पैदा हुए और पले-बढ़े हैं, बल्कि पार्षद और विधायक के रूप में जमीनी स्तर पर जनता की सेवा की है। वो पूर्वी दिल्ली के विकास के लिए आशा की किरण हैं, जो लोकसभा चुनाव में बीजेपी की तानाशाही को हराएंगे।

# हम सब भारतीय हैं

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारत माता के वीर सपूत महाराणा प्रताप को उनकी 484 वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए, भारत और भारतीयता, भारत की विविधता और भारत की अनेकता में एकता पर सवाल खड़े करने वालों से सख्ती से पेश आए, सरकार: शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय वैश्विक भगवान परशुराम ब्राह्मण महासंघ दिल्ली के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज महासंघ के मुख्यालय बरवाला में भारत माता के वीर सपूत, राजपूती आन, बान और शान के राष्ट्रीय प्रतीक महाराणा प्रताप को उनकी 484 वीं जयंती पर

140 करोड कृतज्ञ भारतवासियों की ओर से उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर वत्स ने कहा कि इस देश में हो या संसार के किसी भी देश में रहकर भारत और भारतीयता, भारत की विविधता, भारत की अनेकता और भारतीय संस्कृति, गंगा जमुनी तहजीब और राष्ट्रीय एकता, अखंडता, संप्रभुता और सांप्रदायिक सौहार्द पर सवाल खड़े करने वालों से भारत सख्ती से पेश आए। ऐसी नस्लवादी मानसिकता के समर्थकों को भी कड़ा संदेश दिया जाए। वत्स ने कहा कि भारत ने विश्व को अपना परिवार माना है और वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया है। भारत में सभी धर्म के लोग रहते हैं। सबकी पूजा पद्धति, रहन-सहन, खान-पान, वेशभूषा अलग होते हुए भी सब प्रेम और सौहार्द से अपना जीवन यापन करते हैं। लेकिन जब भी आम चुनाव आते हैं राष्ट्रद्रोही तत्व सक्रिय हो जाते हैं और कुछ राजनीतिक दल सत्ता पाने के लिए इस सौहार्दपूर्ण वातावरण को खराब करने का कुत्सित प्रयास करते हैं और विदेशों से भारत विरोधी एजेंडा चलाते हैं। ऐसे लोगों की ओछी मानसिकता का जवाब इस देश के 140 करोड भारतवासियों ने मुंह तोड जवाब दिया है। भारत के सभी राजनीतिक दल और उनके नेताओं को इस नस्लवादी टिप्पणी का पुरजोर विरोध किया है। इससे यह साबित होता है कि भारत एक गुलदस्ता है। भारत की सोच जियो और जीने दो की है। हम सब एक दूसरे के धर्म का सम्मान करते हैं। वत्स ने कहा कि जिस प्रकार से भारत की जनता और राजनीतिक दलों, पार्टियों ने जिस प्रकार नस्लवादी मानसिकता को करारा जवाब दिया है वह सब बधाई के पात्र हैं। रंग, रुप, भाषा, धर्म अलग होते हुए भी हम सब भारतीय हैं।

# गाजीपुर से दो ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार, प्राइवेट कंपनी में काम करते थे दोनों आरोपी




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

• पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ चोरी के मामले में केस दर्ज कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज इंडस्ट्रियल थाने की पुलिस टीम ने गाजीपुर सब्जी मंडी रोड से दो ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान खिचड़ीपुर निवासी 23 वर्षीय विनय ठाकुर और 22 वर्षीय पीयूष कुमार झा के तौर पर हुई है। वहीं, पुलिस की छानबीन में आरोपी के पास से चोरी किए हुए दो स्कूटी बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ चोरी के मामले में केस दर्ज कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पूर्वी दिल्ली की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस की टीम गाजीपुर इलाके में गस्त कर रही थी। इस दौरान ईडीएम मॉल से गाजीपुर सब्जी मंडी जाने वाली रोड पर पुलिस की टीम ने बिना नंबर प्लेट वाली स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया। इस दौरान पुलिस को देखते ही भागने शुरू कर दिया। हालांकि, पुलिस की टीम ने आरोपियों का पीछा कर उन दोनों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान खिचड़ीपुर निवासी 23 वर्षीय विनय ठाकुर और 22 वर्षीय पीयूष कुमार झा के रूप में हुई है। आरोपी विनय ठाकुर 12वीं तक पढ़ा है और एक कूरियर कंपनी में काम करता है।

जबकि, पीयूष कुमार झा 10वीं तक पढ़ा है और एक ब्लूटूथ डिवाइस बनाने वाली कंपनी में काम करता है। डीसीपी ने बताया कि जब आरोपियों से पूछताछ की गई तो उन्हें चोरी की स्कूटर के बारे में पता चला। इसके बाद पुलिस ने उसे जब्त कर लिया और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर एक और स्कूटर बरामद किया गया है। फिलहाल दोनों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई में हो रही देरी के मामले में ईओडब्ल्यू के एसीपी से मिले पीड़ित




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

एक बिल्डर से पीड़ित लोगों के एक समूह ने आज दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के अधिकारियों मिला। उनकी शिकायत है कि उन लोगों ने जीवन भर की जमा की हुई पूंजी बिल्डर को देकर फ्लैट की बुकिंग की लेकिन फ्लैट अभी तक नहीं मिला। वे दस वर्ष से बिल्डर से फ्लैट मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

मंदिर मार्ग, नई दिल्ली स्थित ईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचे शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि बिल्डर के खिलाफ शिकायत पर मामला दर्ज हो गया और मामला अदालत में चला गया। मामले अब 13 मई को सुनवाई होनी है लेकिन अभी तक ईओडब्ल्यू द्वारा आरोपित बिल्डर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं की गई है। नतीजतन, यहां भी उन्हें न्याय मिलने में देरी हो रही है। बिल्डर जमानत पर खुला घूम रहा है। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद ईओडब्ल्यू के सहायक पुलिस आयुक्त मनमोहन सिंह ने आश्वस्त किया कि उनकी इस शिकायत पर उचित कार्रवाई की जाएगी। यह शिकायत द्वारका एक्सप्रेस वे गुरुग्राम के सेक्टर 103 में सिद्धार्थ बिल्ड होम लिमिटेड और चेयरमैन सिद्धार्थ चौहान के खिलाफ की गई है।

शिकायतकर्ताओं में दिल्ली विकास प्राधिकरण के पूर्व अधीक्षण अभियंता सुदर्शन बिंदलिश ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी के नाम 2010 में एक फ्लैट बुक किया था। अपनी कमाई और सेवानिवृत्ति से मिली एक एक पाई बिल्डर को दे दी। यह फ्लैट 2014 में सौंपा जाना था। अभी तक बिल्डर ने फ्लैट नहीं दिया। ईओडब्ल्यू में शिकायत के बाद भी कार्रवाई इस कदर धीमी है कि चार्जशीट अब तक फाइल नहीं हुई। अभी तक धक्के खा रहे हैं।

सुदर्शन बिंदलिश ने कहा कि शिकायत के बाद सिद्धार्थ बिल्ड होम लिमिटेड और चेयरमैन सिद्धार्थ चौहान बिल्डर ने अब तक 585 करोड़ रुपये का गबन कर दिया लेकिन अभी तक प्रोजेक्ट का 35 प्रतिशत काम पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि 250 करोड़ में प्रोजेक्ट के सभी फ्लैट तैयार कर आवंटित कर दिए जाते लेकिन अब बने हुए फ्लैट जर्जर हो चुके हैं, बिल्डिंग भी झुक गई है। शिकायतकर्ताओं में शामिल अंजलि कुमारी, कमलेश गुप्ता, नीलम, डीके शर्मा, संजय उपाध्याय, विजय सैनी और कमलेश निगम ने बताया कि उनकी एसोसिएशन एसडब्ल्यूएस पंजीकृत है। इसमें 150 सदस्य हैं। इनसे बिल्डर 95 प्रतिशत राशि वसूल चुका है। इन्होंने कहा कि ईओडब्ल्यू में मामला दर्ज होने के बाद तीन जांच अधिकारी बदले जा चुके हैं लेकिन अभी तक चार्जशीट दाखिल नहीं हुई। बिल्डर के खिलाफ ईओडब्ल्यू के सुस्त रवैये से वे परेशान हैं।

# दिल्ली के आरएमएल अस्पयताल में रिश्वतखोरी मामले में दो और कर्मचारी गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में कथित रिश्वतखोरी मामले में सीबीआई ने गुरुवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में एक चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता और एक नर्स शामिल है। एक अधिकारी ने बताया कि बायोट्रॉनिक्स के क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक आकर्षण गुलाटी और नर्स शालू शर्मा को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है, इस मामले में अब तक कुल 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस मामले में सीबीआई ने बुधवार को दो हृदय रोग विशेषज्ञ और तीन अस्पताल सहायक को हिरासत में लिया गया था। जानकारी के अनुसार, शालू और क्लर्क भुवाल जयसवाल ने कथित तौर पर एक व्यक्ति को धमकी दी थी कि अगर उसने उन्हें 20, 000 रुपये नहीं दिए तो वे उसकी गर्भवती पत्नी को अस्पताल से बाहर निकाल देंगे। शालू ने कथित तौर पर उस व्यक्ति की पत्नी का इलाज रोकने और उसे डिस्चार्ज करने की भी धमकी दी थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, व्यक्ति ने यूपीआई के माध्यम से राशि का भुगतान किया। आरोप है कि बुधवार को गिरफ्तार किए गए सहायक प्रोफेसर पर्वतगौड़ा, चन्नप्पागौड़ा ने गुलाटी से अपना बकाया चुकाने के लिए कहा था। गुलाटी ने उसे स्टेशन से बाहर होने का दावा करते हुए अपनी कर्मचारी मोनिका सिन्हा से मिलाया था। इसके बाद चन्नप्पागौड़ा ने सिन्हा से 36, 000 रुपये यूपीआई के माध्यम से और बाकी नकद भुगतान करने को कहा। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने चन्नप्पागौड़ा और आरएमएल कार्डियोलॉजी के प्रोफेसर अजय राज को चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकताओं से उनके उत्पादों और स्टेंट का उपयोग करने के लिए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। एजेंसी ने नागपाल टेक्नोलॉजीज के चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता नरेश नागपाल को भी गिरफ्तार किया है, जिन्होंने चिकित्सा उपकरणों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए चन्नप्पागौड़ा को 2.48 लाख रुपये का भुगतान किया था। इसके अलावा भारती मेडिकल टेक्नोलॉजीज के भरत सिंह दलाल, जिन्होंने यूपीआई का उपयोग करके राज को दो बार रिश्वत दी, और अबरार अहमद, जिन्होंने अस्पताल लैब प्रभारी रजनीश कुमार और चन्नप्पागौड़ा को रिश्वत दी थी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को एक अभियान में जयसवाल, संजय कुमार और बिचौलिए विकास कुमार को भी गिरफ्तार किया गया।

# पकड़ा गया अफीम का सौदागर, यूपी से खरीदकर दिल्ली और हरयिाणा में करता था सप्लाई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस के शाहदरा जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी तस्कर के पास से 2.278 किलोग्राम अफीम बरामद की है। आरोपी उत्तर प्रदेश के बदायूं से अफीम की तस्करी करके उसको दिल्ली और हरियाणा के अलग-अलग शहरों में सप्लाई किया करता था। शख्स की पहचान बृजेश (26) के रूप में की गई है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को आठ मई को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, जिसमें बड़ी मात्रा में कृष्णा नगर इलाके में अफीम की सप्लाई होने की सूचना दी गई थी। बताया गया था कि कृष्णा नगर इलाके में सप्लाई होने वाली अफीम को आगे हरियाणा में सप्लाई किया जाएगा।




इस इनपुट के आधार पर पुलसि ने छापेमारी दल का गठन किया। एसीपी (ऑपरेशंस) के निरीक्षण में इंस्पेक्टर विनोद कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसमें सब-इंस्पेक्टर देशपाल, एएसआई लोकेंद्र सिंह और सतीश कुमार, हेड कॉन्स्टेबल संजीव, पंकज, वेदपाल, विनय और प्रीति के अलावा कॉन्स्टेबल मुनीश को शामिल किया गया। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी शख्स की धरपकड़ के लिए जाल बिछाया, जिसके बाद पुलिस ने उसको गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। 26 वर्षीय बृजेश उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं के मुकरंदपुर गांव का रहने वाला है। पुलसि ने उसके पास से उस मोबाइल फोन को भी जब्तू कयिा है, जसिको अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल किया जाता था। आरोपी की गरिफ्तारी के बाद कृष्णा नगर थाने में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के धारा में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही उसके ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े अन्यक लोगों की भी तलाश की जा रही है, जो कि इस अवैध तस्करी के मामले में संलप्टि हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह बदायूं से अफीम की खरीदारी करता था, जिसे वह दिल्ली और हरियाणा के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई किया करता था।

# जैकलीन का गाना देखो, आईफोन पाओ, सुकेश का एक्ट्रेस के बर्थडे पर खास तोहफे का एलान



नई दिल्ली। 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने जैकलीन फर्नांडीज को फिर से एक पत्र लिखा है। पत्र में उसने जैकलीन को उनके लेटेस्ट सॉन्ग यिम्मी यिम्मी के लिए बधाई दी और उनकी खूब तारीफ की। वहीं सुकेश ने घोषणा की कि इस सॉन्ग को अधिक से अधिक बार देखनेवाले 100 लोगों को गिफ्ट के तौर पर आईफोन दिया जाएगा। सुकेश ने अपने पत्र में लिखा, मेरी प्यारी जैकलीन, बेबी मैंने तुम्हारी हाल कुछ तस्वीरें देखीं। उसमें आप बहुत सुंदर लग रही हो। आप मेरे लिए आज की सिंड्रेला हो। बेबी, मुझे हमेशा ऐसे ही खुश करने के लिए धन्यवाद। इस कठिन समय में भी मुझे स्पेशल महसूस कराने के लिए तुम्हारा शुक्रिया। आपने अपनी खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कीं ताकि मैं उन्हें देख सकूं और आपका प्यार महसूस कर सकूं। आपका प्यार बहुत मायने रखता हैः सुकेश चंद्रशेखर जैकलीन ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपने मुझे एक बार फिर दिखाया है कि आपका प्यार मेरे लिए कितना मायने रखता है और मैं आपके लिए कितना मायने रखता हूं। इन सबके बावजूद आप मेरे कारण दर्द और निगेटिविटी भी झेल रही हो। इसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि वह खास चीज हमारे पहले वैलेंटाइन्स का हिस्सा थी, जो मैंने आपको दी थी। सुकेश ने लिखा, बेबी यिम्मी यिम्मी सॉन्ग 100 मिलियन व्यूज को पार कर रहा है। बेबी तुम बॉलीवुड की रियल क्वीन हो। इसके साथ ही सबसे ज्यादा देखी जानेवाली सेलिब्रिटी भी हो। मैं उन सभी व्यूअर्स का शुक्रिया कहना चाहता हूं जो इस खास ट्रैक को काफी सराहा है। यह सॉन्ग इस साल का सबसे ज्यादा बार देखा जानेवाला सॉन्ग बनेगा। सुकेश ने कहा, जैसा कि मैंने जैकी के बर्थडे पर वादा किया था कि यिम्मी यिम्मी के 100 व्यूअर्स को मेरी तरफ से आईफोन गिफ्ट किया जाएगा। यह सबकुछ मेरे व्यक्तिगत स्तर पर किया जाएगा। सो जल्दी करें और इस रिकॉर्ड को तोड़ दें।

# दिल्ली के आनंद विहार इलाके से कुख्यात स्नैचर गिरफ्तार, पेशे से निकला ऑटो ड्राइवर



नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया थाने की पुलिस ने इलाके में आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक ऑटो चालक है, जो स्नैचिंग आदि वारदातों को अंजाम भी दिया करता था। आरोपी के पास से एक स्कूटी और पांच मोबाइल बराबद किए गए हैं। पूर्वी दिल्ली की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी आरिफ के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में सक्रिय एक कुख्यात स्नैचर सीमापुरी की तरफ से आनंद विहार बस अड्डे के पास रोड नंबर 56 पर आने वाला है। यह सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम ने ट्रैप लगाया और जैसे ही आरोपी स्कूटी से पहुंचा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक चाकू और पांच मोबाइल बरामद हुआ। वहीं, उसकी स्कूटी चोरी की निकली। इसके बाद आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी से तीन मामलों का खुलासा किया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ पहले से चार आपराधिक मामले, दिल्ली के अलग-अलग थाने में दर्ज पाए गए हैं। वह पेशे से ड्राइवर है, लेकिन आपराधिक वारदातों में भी सक्रिय रहा है।

# दिल्ली में जोर-शोर से चल रही चुनावों की तैयारी

नई दिल्ली। दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर आगामी 25 मई चुनाव होने जा रहे हैं। इसको लेकर राजधानी दिल्ली में सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। इस दिशा में दिल्ली पुलिस की ओर से सभी जिलों के अंतर्गत बनाए गए पोलिंग स्टेशन से लेकर काउंटिंग सेंटर आदि की सुरक्षा सुनिश्चित करने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। जिला स्तर पर सभी जिला उपायुक्तों की ओर से इन सभी जगह का निरीक्षण किया जा रहा है। उन जगहों पर खास फोकस कयिा जा रहा है जो संवेदनशील की श्रेणी में हैं। यमुनापार के शाहदरा और नॉर्थ ईस्ट जिला उपायुक्तों की ओर से कई पोलिंग स्टेशनों और मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया गया है। उत्तर पूर्वी जिला उपायुक्त डॉ. जॉय टर्की ने नॉमिनेशन सेंटर, उत्तर पूर्वी जिला कार्यालय नंद नगरी, ईवीएम स्टोरेज और वोटिंग सेंटर आईटीआई नंद नगरी का नरीक्षिण किया। वहीं, नंद नगरी क्षेत्र के उन खास परिसरों का भी निरीक्षण किया जो अलग-अलग कारणों से संवेदनशील बतायी गई हैं। बताते चलें कि सभी सीटों के चुनाव परिणाम 4 जून को आएंगे।

डीसीपी टर्की ने नंद नगरी के राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय, ई-ब्लॉक, नंद नगरी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा को लेकर किए जाने वाले सभी इंतजामों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा शाहदरा जिला पुलिस उपयुक्त सुरेंद्र चौधरी ने भी अपने जिले के अंतर्गत पोलिंग स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया। सभी संबंधित आला अफसरों को लोकसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर सुरक्षा को प्राथमिकता देने के खास निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने तमाम वोटिंग सेंटरों पर सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा भी लिया। उन्हौंने कहा कि मतदान केंद्रों की इंटीग्रेटी को सुनिश्चित करना सुचारू और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया का आधार है।

# स्कूलों द्वारा फीस बढ़ाने का मामला: दिल्ली पैरेंट्स एसोसिएशन ने एलजी, सीएम और शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र, उठाई ये मांग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पैरेंट्स एसोसिएशन (डीपीए) ने दिल्ली के उपराजयपाल, मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर शिक्षा निदेशालय के 27 मार्च 2024 के आदेश पर रोक लगाने के दिल्ली हाई कोर्ट के निर्णय पर पुनर्विचार याचिका दायर करने का अनुरोध किया है। डीपीए ने पत्र में लिखा है कि दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों द्वारा हर साल बढ़ी हुई मनमानी फीस वसूली जाती है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों पर बच्चों की शिक्षा का अतिरिक्त भार पड़ता है।

27 मार्च को शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी कर सभी निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने से पहले शिक्षा निदेशालय से अनुमति लेने के लिए कहा था। साथ ही बिना अनुमति फीस बढ़ाने पर सख्त कार्रवाई की बात कही थी। इस आदेश के बावजूद स्कूलों द्वारा 40 से 50 प्रतिशत की फीस वृद्धि कर पैरेंट्स से जबरन फीस वसूली जा रही है। साथ ही स्कूल एसोसिएशन ने शिक्षा निदेशालय के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने दो मई को शिक्षा निदेशालय के फीस बढ़ाने से पहले अनुमति लेने के आदेश पर रोक लगा दी थी।



दिल्ली के अभिभावकों में हाई कोर्ट के रोक लगाने से निराशाडीपीए ने पत्र में यह भी लिखा है कि दिल्ली के अभिभावकों में शिक्षा विभाग की प्राइवेट स्कूल ब्रांच और शिक्षा विभाग की तरफ से दलील पेश करने वाले वकीलों के खिलाफ आक्रोश है। क्योंकि ये देखा गया है कि शिक्षा विभाग के पास सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे स्कूलों के 17(3) का बयान जिनमें वित्तीय अनियमितताएँ साबित हो रही रही हैं, के बावजूद कोर्ट में या तो उन्हें पेश नहीं किया जाता या फिर दलील इतने हल्के तरीके से रखी जाती है कि केस स्कूल के पक्ष में चला जाता है।

दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की संख्या

डीपीए ने पत्र में कुछ आंकड़े देते हुए बताया है कि दिल्ली में मान्यता प्राप्त सरकारी स्कूलों की संख्या लगभग 2000 है। जिनमें से लगभग 394 स्कूल सरकारी जमीन पर बने हैं। इन 394 स्कूलों में से भी केवल लगभग 350 स्कूलों पर लैंड क्लॉज लागू है। मतलब 2000 स्कूलों में से केवल 350 स्कूलों का हर वर्ष ऑडिट करने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग पर है। अब इन 350 लैंड क्लॉज वाले स्कूलों में से केवल अधिकतम 230 स्कूल ही अपनी 17(3) की स्टेटमेंट शिक्षा विभाग में फीस बढ़ोतरी के लिए जमा करवाते हैं साल 2016-17 में 98 स्कूलों ने निदेशालय के पास फीस बढ़ाने की अनुमति के लिए आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 32 स्कूलों को निशालय से 15 प्रतिशत फीस बढ़ाने की अनुमति मिली थी, लेकिन स्कूलों ने आदेश का उल्लंघन करते हुए 33 प्रतिशत फीस बढ़ाई। इसके बाद वर्ष 2017-18 में 225 स्कूलों ने आवेदन किया। 59 स्कूलों को 15% फीस बढ़ाने की अनुमति मिली लेकिन स्कूलों ने 26 प्रतिशत फीस वसूली। इसी तरह 2018-19 में 158 स्कूलों में से 38 को 20% प्रतिशत फीस बढ़ाने की अनुमति मिली। स्कूलों ने 24% प्रतिशत फीस वसूली। इसी तरह 2019-20 में 229 स्कूलों में से 93 को 20% फीस बढ़ाने की अनुमति मिली लेकिन स्कूलों ने 41% फीस वसूली। दिल्ली पैरेंट्स एसोसिएशन का कहना है कि 2000 निजी स्कूलों में से लगभग 1800 स्कूल यानि 90% स्कूल मनमानी फीस वसूल रहे हैं, क्योंकि वे पूवार्नुमति के दायरे में नहीं आते। और जो आते हैं वे भी मनमानी फीस वसूल रहे हैं। क्योंकि वे बार-बार लगातार आदेशों की अवहेलना करने के बावजूद उन पर सख्त कार्रवाई नहीं होती। जबकि स्कूल के पास इतना पैसा उपलब्ध है कि उसे फीस बढ़ाने की आवश्यकता ही नहीं। यहाँ ध्यान देने वाली बात ये भी है कि कोर्ट द्वारा आदेशों में हर बार इस बात पर जोर दिया जाता है कि स्कूल कैपिटेशन फीस, मुनाफाखोरी या शिक्षा के व्यावसायीकरण में शामिल नहीं हो सकते। जबकि स्कूल खुलेआम ऐसा कर रहे हैं।

# लैंड फॉर जॉब केस: सीबीआई को अंतिम चार्जशीट फाइल करने के लिए मिला 29 मई तक का समय

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में अंतिम चार्जशीट दाखिल करने के लिए सीबीआई को समय दे दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने 29 मई तक चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया है। आज सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने कहा कि चार्जशीट लगभग तैयार है और चार्जशीट को दाखिल करने में 15 से 20 दिन का समय लग सकता है। उसके बाद कोर्ट ने 29 मई तक चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया।

चार्जशीट में देरी पर सीबीआई को फटकार बता दें कि 30 अप्रैल को कोर्ट ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल करने में देरी करने पर सीबीआई को फटकार लगाई थी। सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने कहा कि अंतिम चार्जशीट करीब-करीब पूरी हो चुकी है लेकिन कुछ कानूनी सवालों पर सीबीआई के अधिकारी आंतरिक चर्चा कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि तीन महीने से अंतिम चार्जशीट के लिए समय लिया जा रहा है। अंतिम चार्जशीट दाखिल नहीं होने की वजह से ट्रायल शुरू नहीं हो रहा है। कोर्ट में कार्यवाही ठप पड़ी हुई है। कई आरोपियों की विभिन्न अर्जियां लंबित




हैं। उसके बाद कोर्ट ने इस मामले के जांच अधिकारी बिकास चंद्र चौरसिया और सीबीआई के एसपी निपुण गुप्ता को केस डायरी के साथ अगली तिथि को पेश होने का आदेश दिया।

आज इस मामले के आरोपियों लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पेश नहीं हुए। उन्होंने आज कोर्ट में पेशी से छूट की मांग की जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। बता दें कि सीबीआई ने 6 मार्च को इस मामले में तीसरी पूरक चार्जशीट दाखिल किया था। सीबीआई ने पूरक चार्जशीट में भोला यादव, नौकरी पाने वाले दो अभ्यर्थियों अशोक कुमार और बबीता को आरोपी बनाया है। सीबीआई के पूरक चार्जशीट में कहा गया है कि भोला यादव लालू यादव के सचिव रह चुके हैं और वही सभी काम देखते थे। भोला यादव ही अफसरों को निर्देश देते थे। सीबीआई ने इस संबंध में भोला यादव के कंप्यूटर से दस्तावेज हासिल किए हैं। बता दें कि 27 फरवरी को सीबीआई ने कोर्ट से कहा था कि वो इस मामले में दस दिनों के अंदर पूरक चार्जशीट दाखिल करेगी। सीबीआई ने इस मामले में भोला यादव और हृदयानंद चौधरी को गिरफ्तार किया था। भोला यादव 2004 से 2009 तक लालू यादव के ओएसडी रहे थे।

लैंड फॉर जॉब घोटाला लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। भोला यादव को ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है।। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन देने के लिए कहा जाता था। नौकरी के बदले जमीन देने के काम को अंजाम देने का काम भोला यादव को सौंपा गया था। भोला यादव 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में बहादुरपुर सीट से विधायक चुने गए थे। कोर्ट ने 4 अक्टूबर 2023 को इस मामले में तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को जमानत दी थी। कोर्ट ने 22 सितंबर 2023 को सीबीआई की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 3 जुलाई 2023 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट में बिहार के उप-मुख्यमंत्री

# आप ने बाइक रैली निकाल दिल्लीवालों से की जेल का जवाब वोट से देने की अपील

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को जेल का जवाब वोट से कैंपेन के तहत बाइक रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में लक्ष्मी नगर के कई इलाकों से होकर यह रैली गुजरी। इस दौरान कुलदीप कुमार के साथ भारी संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने बाइक पर सवार होकर जनता से संपर्क किया। कुलदीप कुमार ने कहा कि इंडिया गठबंधन दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें जीत रहा है। भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने के अलावा और कोई काम नहीं किया है। इसे लेकर दिल्लीवालों में भाजपा के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है। दिल्ली की जनता 25 मई को भाजपा के खिलाफ वोट कर इसका जवाब देगी। गुरुवार की सुबह पूर्वी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुलदीप कुमार समर्थकों ने साथ लक्ष्मी नगर में बाइक रैली निकालर लोगों से संपर्क किया। बाइक रैली शुरू करने से पहले उन्होंने गीता कॉलोनी वार्ड 210 में जाकर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाया और पार्क में वृक्षरोपण किया। इस दौरान कृष्णा नगर विधानसभा के विधायक एसके बग्गा भी वहां मौजूद रहे। उन्होंने गीता कॉलोनी के लोगों से चुनाव पर चर्चा की। इसके बाद लक्ष्मी में बाइक रैली निकाली गई। समर्थकों ने बाइक पर आप के झंडे और जेल का जवाब वोट से के पोस्टर्स के साथ रैली निकाली और लोगों से संपर्क किया। इस दौरान कुलदीप कुमार ने दुकानों पर जाकर लोगों से संवाद कर वोट की अपील की। कुलदीप कुमार ने कहा कि हम बाइक रैली, रोड शो और डोर टू डोर कैंपेन के जरिए जनता के बीच जाकर उनका आशीर्वाद लेने के लिए निकल रहे हैं। हमारी कोशिश है कि हम हर मतदाता से वोट की अपील करें। बीजेपी ने दिल्ली के लोगों के 10 साल बर्बाद किए हैं और उनके साथ धोखा किया है। अब लोग उसका बदला लेना चाहते हैं। इस चुनाव में वो अपने बेटे अरविंद केजरीवाल के लिए वोट करेंगे।

सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत पर कुलदीप कुमार ने कहा कि बजरंग बली का आशीर्वाद उनके साथ है। भगवान के घर देर हो सकती है, अंधेर नहीं। ईश्वर उनके साथ है, सच्चाई और ईमानदारी की जीत होगी। सीएम अरविंद केजरीवाल जल्द हमारे बीच होंगे।

आम आदमी पार्टी पार्टी के कैंपेन पर कुलदीप कुमार ने कहा कि हमारा काम जनता के बीच जाकर उनसे वोट की अपील करना है। इसमें हमारे साथ सुनीत केजरीवाल, भगवंत मान और हमारे नेता शामिल होंगे। हम सब जनता के बीच जा रहे हैं और एक-एक व्यक्ति से वोट करने की अपील कर रहे हैं। हमें लोगों को देश और दिल्ली के हालात के बारे में बताना है। हमें उन्हें बताना है कि किस तरह साजिश करके उनके लोकप्रिय मुख्यमंत्री को जेल में डाला गया। दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल के साथ हैं। वो उनकी गिरफ्तारी का बदला लेना चाहते हैं।

## हत्या के मामले में फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। खजूरी खास इलाके में चार साल पहले हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मुनेश यादव उर्फ मुच्छर के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि यह 2017 में बेलदार के रूप में काम करता था और मृतक हेल्पर के रूप में काम करता था। इन दोनों के बीच में पैसे के लेकर के कुछ विवाद हुआ और लगातार इनके बीच में झगड़ा होने लगा। एक दिन बात इतनी बढ़ गई की आरोपित मुनेश ने पीड़ित पर हमला कर दिया और उसकी मौत हो गई। उस मामले में यह गिरफ्तार हुआ लेकिन 2020 में आरोपित को पैरोल मिल गया कोविड के कारण। लेकिन उसके बाद उसने सरेंडर करने की बजाय फरार हो गया और महरौली में एक आइसोलेटेड जगह पर शेल्टर बनाकर रहने लगा। इसके बारे में क्राइम ब्रांच के हेड हेडकांस्टेबल विजेंदर को सूचना मिली। सूचना को पुख्ताकर पुलिस टीम ने छापा मारकर आरोपित को दबोचा।

# आरएमएल रिश्वत मामला: सीबीआई ने दो और लोगों को किया गिरफ्तार, कुल 11 लोग गिरफ्तार

- व्यक्ति ने यूपीआई के माध्यम से राशि का भुगतान किया।
- दो हृदय रोग विशेषज्ञ और तीन अस्पताल सहायक कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें बुधवार को हिरासत में लिया गया।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित अस्पताल राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में कथित रिश्वतखोरी रैकेट मामले में चिकित्सा साजो सामान के एक आपूर्तिकर्ता और एक नर्स सहित कुल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि बायोट्रॉनिक्स के क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक आकर्षण गुलाटी और नर्स शालू शर्मा की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 11 हो गई है। इसमें दो हृदय रोग विशेषज्ञ और तीन अस्पताल सहायक कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें बुधवार को हिरासत में लिया गया।

नर्स शालू और क्लर्क भुवाल जायसवाल ने कथित तौर पर एक व्यक्ति को धमकी दी थी कि अगर उसने उन्हें 20,000 रुपये नहीं दिए तो वे उसकी गर्भवती पत्नी को अस्पताल से बाहर कर देंगे। सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के अनुसार शालू ने कथित तौर पर उस व्यक्ति की पत्नी का इलाज रोकने और उसे डिस्चार्ज करने की धमकी दी। व्यक्ति ने यूपीआई के माध्यम से राशि का भुगतान किया।

अधिकारियों के मुताबिक हृदय रोग विभाग के प्रोफेसर अजय राज और सहायक प्रोफेसर पर्वत गौड़ा चन्नप्पागौड़ा को चिकित्सा उपकरणों के आपूर्तिकताओं से उनके उत्पादों और स्टेंट का उपयोग करने के एवज में रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने नागपाल टेक्नोलॉजीज के चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता नरेश नागपाल को गिरफ्तार किया है, जिसने चिकित्सा उपकरणों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए पर्वत गौड़ा को 2.48 लाख रुपये दिए थे। उसके अलावा यूपीआई के जरिए राज को दो बार रिश्वत देने के लिए भारती मेडिकल टेक्नोलॉजीज के भरत सिंह दलाल और अस्पताल कैथ लैब प्रभारी रजनीश कुमार और चन्नप्पागौड़ा को रिश्वत देने के लिए अबरार अहमद को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को जायसवाल, संजय कुमार और बिचौलिए विकास कुमार को भी गिरफ्तार किया गया।

# स्योहारा में मनाया गया प्रधानमन्त्री सुरक्षित मातृत्व दिवस

- राजकीय अवकाश होने पर इस दिवस को आगे की तारीखों में मनाया जाता है।

प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्योहारा शासन के निर्देशों के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा के अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही ने बताया कि प्रधानमन्त्री सुरक्षित मातृत्व दिवस प्रत्येक माह की 1,9,16 और 24 तारीख को सीएचसी स्तर पर और 9 तारीख को ब्लॉक स्तरीय पीएचसी पर मनाया जाता है। राजकीय अवकाश होने पर इस दिवस को आगे की तारीखों में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की चार बार जांच कराना है और उनको गंभीर लक्षणों से बचाना है ताकि जच्चा और बच्चा की सुरक्षा की जा सके तथा उन्हे पौष्टिक आहार आदि मुहैया कराया जा सके। इस दौरान जिला बिजनौर के मेटरेनल कंसलटेंट शमीम अहमद द्वारा निरीक्षण भी किया गया और सभी गर्भवती महिलाओं से नियमित जांच इन दिवसों में कराने को कहा । डॉक्टर स्नेही ने बताया कि इन कैंपों में डॉक्टर रहमत, डॉक्टर श्वेता सिंह,मेंटर नर्स प्रतिभा, स्टॉफ नर्स नीरज ,ज्योति और एलटी देवेंद्र , रियाज परवेज द्वारा गर्भवती महिलाओं और एच आर पी महिलाओं को निशुल्क खून,पेशाब की जांच, दवाये, पेट की जाँच,अल्ट्रासाउंड ,आयरन सुकरोज इंजेक्शन चढ़ाना,ट्रांसपोर्ट आदि की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई।इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों सीएचसी/ पीएचसी पर उनकी गर्भावस्था के दूसरी और तीसरी तिमाही की अवधि (गर्भावस्था के 4 महीने के बाद) के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं का न्यूनतम पैकेज प्रदान किया जाता है।कार्यक्रम की मोनिटरिंग बिजनौर जिले से आए मैटरनल कंसलटेंट शमीम अहमद, बीपीएम प्रमोद कुमार,बीसीपीएम सुधीर कुमार, बी ए एम हरिओम और एसटीएस मौहम्मद फारूख द्वारा की गई।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने एनबीसीसी से घर खरीदार को ब्याज समेत पैसे लौटाने को कहा

- अदालत ने कहा कि घर खरीदना किसी व्यक्ति या परिवार के लिए अपने जीवनकाल में किए गए सबसे महत्वपूर्ण निवेशों में से एक है।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी) से कहा कि वो फ्लैट मिलने में देरी के कारण एक घर खरीदार को 76 लाख रुपये से ज्यादा लौटाए। खरीदार ने साल 2017 में फ्लैट के लिए पैसे दिए थे, लेकिन उसे फ्लैट कभी नहीं सौंपा गया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने एनबीसीसी को खरीदार (वादी) द्वारा भुगतान की गई पूरी रकम 30 जनवरी 2021 से आज तक 12 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करने का आदेश दिया।

यह फैसला खरीदार को छह साल से अधिक की देरी और अनिश्चितता के कारण काफी परेशानी का सामना करने के बाद आया है। अदालत के फैसले में भरोसे का टूटना और खरीदार पर मनोवैज्ञानिक असर का जिक्र है। अदालत ने कहा कि घर खरीदना किसी व्यक्ति या परिवार के लिए अपने जीवनकाल में किए गए सबसे महत्वपूर्ण निवेशों में से एक है। इसमें अक्सर सालों की बचत, सावधानीपूर्वक योजना और भावनात्मक निवेश शामिल होता है।

एनबीसीसी ने तर्क दिया कि वादी ने कई मंचों के माध्यम से इसी तरह की राहत की मांग की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था, इसलिए इसे भी खारिज किया जाए।

अदालत ने मामले से निपटने के तरीके के लिए राज्य इकाई एनबीसीसी की आलोचना की और कहा कि उनके कार्यों के लिए कड़ी प्रतिक्रिया की जरूरत है। रिफंड के अलावा, अदालत ने वादी को सहन की गई कठिनाइयों के लिए मुआवजे के रूप में 5 लाख रुपये देने का आदेश दिया है।

## आसरा खेड़ा में छाया गुलदार का खौफ, ग्रामीणों में दहशत

स्योहारा। क्षेत्र में बढ़ते गुलदार के आतंक के बीच थाना स्योहारा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आसरा खेड़ा में एक बार फिर गुलदार की दस्तक ने ग्रामीणों में बैचेनी और खौफ का माहौल पैदा कर दीया है। बृहस्पतिवार को ग्राम आसरा खेड़ा निवासी आर्यन शर्मा के खेत में आज सुबह एक हिरण का आधा खाया शव दिखाई दिया जिसका गुलदार द्वारा निवाला बनाया बनाया जाना प्रतीत हुआ जो की शव बुरी हालत में था ।ग्रामीण सचिन.अमित,महेश, इंस्पेक्टर सुभाष,शक्ति,आर्यन शर्मा आदि ने बताया की इस गांव में अक्सर गुलदार इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं सभी ग्रामीणों वन विभाग से समय रहते गुलदार को पकड़ने की जोर-शोर से मांग उठाई है ताकि आगे गुलदार किसी को कोई हानि ना पहुंचा सके।

# वंदना योजना से वासुदेव तीर्थ स्थल का होगा सौन्दर्यीकरण, तैयारी शुरू



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार द्वारा नगर के प्रमुख तीर्थ /दर्शनीय स्थल वासुदेव तीर्थ का निरीक्षण किया गया साथ ही वंदन योजना के अंतर्गत यहाँ कराये जाने वाले कार्यों की रूपरेखा पर विचार कर संबंधित अधीनस्थ स्टॉफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुए पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार द्वारा बताया गया की प्रदेश की चयनित निकायों मे स्थित महत्वपूर्ण पर्यटन / तीर्थ स्थलों के सौन्दर्यकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण वंदन योजना मे अमरोहा के प्रसिद्ध श्री वासुदेव तीर्थ के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण के लिए अमरोहा पालिका द्वारा प्रस्ताव शासन को भेजा गया था जिस पर शासन की मंजूरी प्राप्त हो गयीं है।अब यहाँ पर सौन्दर्य करण कराया जाना है जिसमे इंटरलोकिंग टाइल्स, रंगीन फव्वारे, फसाड़ लाइट्स, रंगीन पथ सहित अन्य कार्य कराये जाने है। पालिका द्वारा नामित अकीर्टेक्ट द्वारा तैयार डिजाइन की रूपरेखा का धरातलीय अवलोकन करने के लिए श्री वासुदेव तीर्थ का निरीक्षण किया गया।जिसमे प्रस्तावित विकास कार्य के सम्बन्ध मे विस्तार से जानकारी प्राप्त कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया की पालिका द्वारा वंदन योजना मे कराये जा रहे विकास कार्यों के उपरांत अमरोहा नगर के श्री वासुदेव तीर्थ को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित किया जायेगा जिससे अमरोहा नगर की ख्याति विश्व स्तर पर होंगी तथा उत्तर प्रदेश सरकार के नगर सुशोभन करने की दिशा मे मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी महोदय के अतिरिक्त पालिका अवर अभियंता अरविन्द कुमार, वरिष्ठ लिपिक छवि शर्मा, प्रोजेक्ट अकीर्टेक्ट, श्री वासुदेव तीर्थ प्रबंध समिति के सदस्य सहित पालिका अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में चार्जशीट दाखिल करेगा ईडी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ने जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर सकता है। यह पहली बार होगा जब मुख्यमंत्री केजरीवाल का नाम चार्जशीट में होगा। फिलहाल अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 10 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ कथित दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूरक आरोपपत्र दाखिल कर सकता है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को कथित दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी इस मामले में बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ भी आरोपपत्र दाखिल कर सकता है, जो फिलहाल जेल में बंद हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में सूबे के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी है।

# पुलिस की चैकिंग में स्कूटी सवार से मिले 22 लाख

- संतोष जनक जवाब नहीं मिला सूचना इनकम टैक्स को

संवाददाता



लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उत्तरी दिल्ली के बाड़ाहिंदू राव इलाके में चैकिंग के दौरान एक युवक के पास से 22 लाख रुपए मिले हैं। वह इस रकम को लेकर पुलिस को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद मामले की जानकारी आयकर विभाग सहित अन्य एजेंसी को पुलिस के द्वारा दी दी गई।

डीसीपी नार्थ मनोज कुमार मीना ने बताया आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस हरेक संदिग्ध गतिविधि पर अपनी नजर बनाए हुए है। इसी क्रम में बाड़ा हिंदू राव इलाके में पुल मिठाई पीकेट प्वाइंट पर पुलिस चैकिंग कर रही थी। रात करीब आठ बजे पीली कोठी, लाहौरी गेट की ओर से आई एक स्कूटी को पुलिस ने रोक लिया। उससे सवाल जवाब करने पर पता चला इसके पास बैग में काफी कैश है। इस युवक की पहचान त्रिनगर चंदन नगर निवासी अंकुर के तौर पर हुई। यह पुलिस के सामने कैश को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जिसके बाद पुलिस ने आयकर विभाग को मामले की सूचना दी। इसके साथ ही एआरओ व एसी 20 अधिकारियों और फ्लाइंग स्कवाड टीम को भी खबर की गई। वीडियोग्राफी के बीच इस युवक के पास से मिले कैश की गिनती करायी गई, जिसमें 22 लाख रुपए होना पता चला। 44 बंडल के सभी नोट 500 रुपए के थे। आयकर विभाग इस कैश को जब्त कर अब मामले में आगे की जांच कर रहा है।

गौरतलब है कुछ दिन पहले ही ओखला औद्योगिक क्षेत्र में तुगलकाबाद की फ्लाइंग स्कवाड टीम ने एक बीएमडब्लयू कार से लगभग दो करोड़ रुपए बरामद किए गए थे। अक्सर चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए शराब और रुपए बांटने का चलन कोई नहीं बात नहीं है। ऐसी गतिविधियों पर ही नजर रखने के लिए पुलिस और चुनाव से जुड़ी फ्लाइंग स्कवाड टीम संदिग्ध गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए रखती है।

## उम्र 61 की काम, वाहन चोरी का, गिरफ्तार

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के हरी नगर थाना पुलिस टीम ने एक ऐसे बुजुर्ग ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है, जो सिर्फ और सिर्फ स्कूटी चोरी करता था। उसके पास से चोरी की पांच स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान 61 साल के कुलजीत सिंह के रूप में हुई है। जो चंद्र विहार, नांगलोई का रहने वाला है। यह पेशे से कारपेंटर का काम करता था। लेकिन अच्छी कमाई नहीं होने के कारण यह इस तरह की वारदात को अंजाम देने लगा। पूछताछ में पुलिस के पता चला कि यह पहले से पांच मामलों में शामिल रहा है और अप्रैल महीने में यह जेल छूटकर बाहर आया था। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार वाहन चोरी की हो रही वारदात की जांच कर रही हरी नगर थाना की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाया था। जिसमें बुजुर्ग शख्स देर रात आकर वारदात को अंजाम दे रहा था। एसीपी राजौरी गार्डन आशीष कुमार की देखरेख में एसएचओ सत्येंद्र सिंह की टीम ने एक गुरुद्वारा के पास देर रात 2:30 बजे ट्रैप लगाया और इस बुजुर्ग को उस समय पकड़ा जब यह एक और स्कूटी चोरी करने के फिराक में था।

# थैलेसीमिया से बचने के लिए कुंडली मिलाने के साथ ब्लड ग्रुप का भी करें मिलान



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

विवाह के पूर्व कुंडली का मिलान करना एक पुरानी प्रथा हो गई है। विज्ञान और तकनीक की इस दुनिया में अब कुंडली मिलाने के साथ ब्लड ग्रुप का मिलान करना ज्यादा जरूरी हो गया है। यदि विवाह के पूर्व थैलेसीमिया की जांच कर ली जाए तो भविष्य में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे पैदा नहीं होंगे। यह बातें बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता राजा मुराद ने वर्ल्ड थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर एक निजी अस्पताल में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि जब शादियां होती है तो लोग अक्सर लड़के और लड़की की कुंडली का मिलान करते हैं, लेकिन मेडिकल साइंस के अनुसार यदि विवाह के पूर्व कुछ जरूरी जांच करवा लिए जाएं तो भविष्य में होने वाले बच्चों को कुछ जेनेटिक बीमारियों से बचाया जा सकता है। ऐसी ही बीमारियों में थैलेसीमिया शामिल है।

इस दौरान फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं हेड डॉ. विकास दुआ ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व में भारत एकमात्र देश है, जो थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए 10 लाख रुपए तक आर्थिक मदद प्रदान करता है। थैलेसीमिया से पीड़ित व्यक्ति का केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से फ्री में बोन मैरो ट्रांसप्लांट करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि फोर्टिस हॉस्पिटल 2030 तक प्रधानमंत्री के सपने के अनुरूप भारत से थैलेसीमिया रोग का उन्मूलन करने का लक्ष्य तय किया है। इस अस्पताल में अभी तक लगभग 2 हजार मरीजों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट हो चुका है, जिसमें थैलेसीमिया से पीड़ित डेढ़ सौ मरीजों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट कर उन्हें एक नई जिंदगी दी गई है। साथ ही उन्हें जीवन भर ब्लड ट्रांसफ्यूजन के झंझट से मुक्त भी किया गया है।

वहीं इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल डायरेक्टर एंड चीफ डॉ. राहुल भार्गव ने बताया कि थैलेसीमिया दुनियाभर में आनुवांशिकी से प्राप्त होने वाले सबसे प्रमुख ब्लड डिसऑर्डर्स में से एक है और दुनिया में हर आठवां थैलेसीमिक बच्चा भारत में रहता है। इस बीमारी से ग्रस्त बच्चों की सबसे अधिक संख्या भारत में है। दुर्भाग्यवश बहुत से लोगों को तब तक यह पता नहीं होता कि वे इससे ग्रसित हैं, जब तक वे किसी गंभीर स्वास्थ्य संकट का शिकार नहीं बनते। यही कारण है कि इस रोग की शुरूआती स्टेज में ही पहचान करने लिए समय-समय पर स्क्रीनिंग और टेस्टिंग करना काफी महत्वपूर्ण होता है। आमतौर पर, प्रेग्नेंसी के 10वें सप्ताह में स्क्रीनिंग टेस्ट करवाने की सलाह दी जाती है, ताकि इस रोग से बचा जा सके। लेकिन इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए इससे जुड़े विभिन्न हितधारकों को सक्रिय रूप से योगदान करने की जरूरत है। इस अवसर पर थैलेसीमिया का सफल उपचार करा चुके बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने अपनी प्रेरक कहानियां बताई।

# करोल बाग में हथियार की नोक पर हुई थी लाखों की लूट

- मैट्रो, बस, टैक्सी और होटल की जांच से हुआ खुलासा
- मास्टर माइंड सहित 5 बदमाशों को AATS ने दबोचा

संवाददाता



करोल बाग इलाके में हुई लूटपाट के दो सनसनीखेज मामले में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने चार शातिर बदमाशों सहित पांच आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक मास्टरमाइंड भी है, जिसने लूट के मामले में पूरी जानकारी उपलब्ध कराई थी। इनके पास से पिस्टल, 7 कारतूस और 1,30,000 रुपए कैश बरामद किया गया है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में से दो ऐसे हैं जो पंजाब में हुए एक दंगे के मामले में भी शामिल हैं। इनकी गिरफ्तारी से लूट के दो मामलों का खुलासा किया गया है।

26 अप्रैल को देर शाम करोल बाग में लूट की वारदात

पुलिस के अनुसार 26 अप्रैल को देर शाम करोल बाग के रैगरपुरा इलाके में दुर्गा पार्क के पास लूट की वारदात हुई थी। जिसमें पीड़ित ने पुलिस को बताया कि जब वह मोबाइल सप्लाई करने वाले एक युवक के साथ जा रहा था इस दौरान हथियारबंद दो बदमाश उसके पास पहुंचे और पिस्टल की नोक पर लूटपाट करने लगे। जैसे ही दोनों वहां से भागने की कोशिश की तो दो बदमाश उनके पीछे भी पहुंच गए। उन्होंने पीड़ित के कंधे पर लटका हुआ बैग लूट लिया, जिसमें 2 लाख 75 हजार रुपए रखे हुए थे। उस मामले में पुलिस ने फिर के छानबीन शुरू की।

17 जनवरी को मोबाइल शॉप ओनर के साथ हुई लूट

पुलिस के अनुसार ऐसा ही एक और मामला करोल बाग में पहले भी दर्ज हुआ था। जब 17 जनवरी को मोबाइल शॉप ओनर के साथ लूट की वारदात को रात में अंजाम दिया गया था। जब वह अलग-अलग दुकानदारों से कैश कलेक्शन करके पदम सिंह रोड करोल बाग पहुंचे थे। उस मामले में भी कंधे पर लटका हुआ बैग लूट लिया गया था।जिसमें 6 लाख 85 हजार रुपए रखे हुए थे।

सीसीटीवी, टेक्निकल सर्विलांस, इनफॉर्मर की मदद दोनों ही मामलों की छानबीन एसीपी ऑपरेशन सुरेश चंद्र की देखरेख में इंस्पेक्टर रघुवीर मीणा की टीम कर रही थी। इस मामलों में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला और टेक्निकल सर्विलांस की मदद के साथ-साथ लोकल इनफॉर्मर की भी सहायता ली। जिसके कारण सब इंस्पेक्टर सतपाल डगर और सुरेंद्र सिंह इत्यादि की टीम इस गैंग तक पहुंचने में कामयाब हुई। पुलिस टीम छानबीन करती हुई होटल तक पहुंची थी

फुटेज में नजर आया जिन चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था। वह मेट्रो स्टेशन से गए और फिर वेस्ट पंजाबी बाग मेट्रो स्टेशन से निकलकर बस पकड़ लिया और उसके बाद उन्होंने फिर टैक्सी लिया और हरियाणा के कैथल के लिए निकल गए, वहां जाकर एक होटल में रुके। पुलिस टीम छानबीन करती हुई उस होटल तक पहुंची। पता चला कि वहां से सभी चारों आरोपी हिमाचल, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भाग गए। श्रीपाल 2 साल तक कलेक्शन एजेंट में काम कर चुका

पुलिस टीम लगातार उनके बारे में पता लगाती रही और आखिरकार इन सभी को दबोच लिया गया। इनकी पहचान अभिषेक, नवीन, सुखविंदर, विजय और श्रीपाल के रूप में हुई। इनके पास से हथियार और 1 लाख 30 हजार रुपए बरामद किए गए। पूछताछ हुई तो पता चला कि श्रीपाल 2 साल तक कलेक्शन एजेंट के रूप में काम कर चुका है। उसी ने चारों बदमाश को लूट की वारदात के लिए प्लान तैयार करवाया था। पूरी जानकारी दी थी कि कैसे कहां पर लूट की जा सकती है। पुलिस के अनुसार इनमें से अभिषेक और सुखविंदर पंजाब में हुए दंगा के एक मामले में शामिल रहा है। इनकी गिरफ्तारी से करोल बाग इलाके में हुई लाखों की लूट के दो वारदात को सुलझा लिया।

# 61 साल की उम्र में स्कूटी चोरी करने का चढ़ा ऐसा शौक



- कई थाना की पुलिस की उड़ा दी रातों की नींद
- चार थाना की चोरी की पांच स्कूटी बरामद

संवाददाता

पश्चिमी जिला के हरी नगर थाना की पुलिस टीम ने एक ऐसे बुजुर्ग ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है, जो सिर्फ और सिर्फ स्कूटी चोरी करता था। उसके पास से चोरी की 5 स्कूटी भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान 61 साल के कुलजीत सिंह के रूप में हुई है। जो चंद्र विहार, नांगलोई का रहने वाला है। यह पेशे से कारपेंटर का काम करता था। लेकिन अच्छी कमाई नहीं होने के कारण यह इस तरह की वारदात को अंजाम देने लगा। पूछताछ में पुलिस के पता चला कि यह पहले से पांच मामलों में शामिल रहा है और अप्रैल महीने में यह जेल छूटकर बाहर आया था। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार ऑटो लिफ्टिंग की हो रही वारदात की जांच कर रही हरी नगर थाना की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाया था। जिसमें बुजुर्ग शख्स देर रात आकर वारदात को अंजाम दे रहा था। एसीपी राजौरी गार्डन आशीष कुमार की देखरेख में एसएचओ सत्येंद्र सिंह की टीम ने एक गुरुद्वारा के पास देर रात 2:30 बजे ट्रैप लगाया और इस बुजुर्ग को उस समय पकड़ा जब यह एक और स्कूटी चोरी करने के फिराक में था। फिर पूछताछ की गई आरोपी की निशानदेही पर हरी नगर, राजौरी गार्डन, निहाल विहार और तिलक नगर थाना इलाके से चुराई गई पांच स्कूटी के अलावा दो मास्टर चाबी भी बरामद की गई।

सम्पादकीय

## पैंतीस करोड़ का नौकर

झारखंड की बदकिस्मती है कि प्रकृति ने उसे खूब संसाधन दिए हैं, बेशकीमती खनिज दिए हैं, लेकिन फिर भी वह गरीब और भ्रष्ट है। दरअसल झारखंड का राजनीतिक नेतृत्व फितरत से ही भ्रष्ट रहा है। बेशक वह शिबू सोरेन हों, नरसिंह राव सरकार बचाने वाले सांसद हों, मुख्यमंत्री रहे मधु कौड़ा और कुछ माह पूर्व तक मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन हों, सभी दागदार और भ्रष्ट रहे हैं। जेल में भी रहे हैं। हेमंत सोरेन अब भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। कोई पर्यटन करने तो जेल में नहीं जाता! राजनेताओं के अलावा, आईएएस या अन्य शीर्ष अधिकारियों के घरों से भी करोड़ों की नकदी बरामद की गई है। उनके पास अकूत संपत्तियां भी मिली हैं, लिहाजा उन्हें जब्त किया गया है। कई ऐसे सफेदपोश चेहरे जेल की सलाखों के पीछे हैं। झारखंड में धीरज साहू जैसे कांग्रेसी और ओबीसी सांसद भी हैं, जिनके घर और अन्य ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से अधिक के नकदी नोट बरामद किए गए। घर के कमरों में नोट ऐसे सजाए गए थे मानो नकदी का कोई शोरूम हो! काली कमाई के ये पहाड़ कैसे संजो लिए जाते हैं, आम आदमी के लिए यह आश्चर्य की मीनारें हैं। साहू जी आज भी सांसद हैं। ईडी ने क्या कार्रवाई की, सब कुछ रहस्य है, क्योंकि हमने ऐसे काले धन्नासेठ को जेल जाते हुए भी नहीं देखा। देश में काले, भ्रष्ट नकदी पहाड़ों के गोदाम भरे हुए हैं, प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन कड़वा सच लगता है। देश के कई हिस्सों में ऐसे गोदामों को दबोचा गया है, अदालत में भी केस हैं, लेकिन आम आदमी न्याय का मारा है। बहरहाल ताजातरीन मामला झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से परोक्ष रूप से जुड़ा है। उनके निजी सचिव के घरेलू नौकर के घर से 35 करोड़ रुपए से अधिक की काली कमाई बरामद हुई है। आठवां आश्चर्य!!! एक नौकर स्तर का व्यक्ति कितना भी भ्रष्टाचार करे, लेकिन उसके घर बैगों में भरे करोड़ों के नोट बरामद नहीं किए जा सकते। यकीनन इस संदर्भ में उसे बलि का बकरा बनाया गया है। तो फिर सवाल है कि काली कमाई के नोट किसके हैं? क्या नौकर का घर कलेक्शन सेंटर बना था? ईडी के अफसरों को मंत्री के निजी सचिव पर तो शक था, लिहाजा नौकर का पीछा भी किया गया। अक्सर उसके हाथ में एक बैग होता था, लेकिन घर से बाहर आते हुए उसके हाथ खाली होते थे। अंततः ईडी ने छापेमारी की, तो नोटों से भरे बैग मिले और उसी के साथ भ्रष्टाचार का एक रहस्य खुला। सवाल मंत्री के कारनामों पर भी है, क्योंकि ईडी ने जिन इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों की धरपकड़ की है, उनमें से कइयों ने मंत्री की संलिप्तता का भी खुलासा किया है। दलाली का एक खेल उस विभाग में खेला जा रहा था। ठेका देने के बदले 3 फीसदी की दलाली ली जाती थी। मंत्री और निजी सचिव की कटमनी ज्यादा और अलग थी। अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर की बोलियां अलग से लगती थीं। यह जांच एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि आम आदमी से भ्रष्ट जमात ने जो भी लूटा है, उसकी पाई-पाई वापस वसूली जानी चाहिए। हम मानते हैं कि ईडी मंत्री पर साक्ष्यों और गवाहों के बिना हाथ नहीं डालेगा, लेकिन यह भ्रष्टाचार देश के कोने-कोने में कब तक जारी रहेगा। घूस और दलाली तो व्यवहार बन गए हैं। प्रधानमंत्री प्रतिबद्ध दिखते हैं कि वह ऐसी एक भी पाई खाने नहीं देंगे। ऐसी चोरी बंद करके रहेंगे। भ्रष्ट लोगों की कमाई और लूट बंद करके रहेंगे, बेशक भ्रष्टाचारी उन्हें गालियां देते रहें। झारखंड पर 1.30 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। राज्य के नागरिक की औसत कमाई 7000 रुपए माहवार है।

## भारत में अरबपति राज व बढ़ती गरीबी

अनुज आचार्य

18वीं लोकसभा चुनावों में इस बार भी गरीबी एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ भारत के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों की कमाई एवं संपत्ति और आर्थिक असमानता अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर है। वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। थॉमस पिकेटी, लुकास चांसल और नितिन कुमार भारती द्वारा लिखी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का करीब 40.1 फीसदी हिस्सा है। वहीं देश की कुल आय में उनकी हिस्सेदारी करीब 22.6 प्रतिशत है। यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। यहां तक कि इसने अमरीका जैसे विकसित देशों के अमीरों को भी पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे अमीर लोगों ने सांठगांठ वाले पूंजीवाद और विरासत के जरिए बनाई गई संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा हड़प लिया है और वे बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं। पिछले तीन दशकों से भारत में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ी है। इसी बीच केंद्र सरकार का ऋण भी बढ़ा है, लेकिन गरीबी अपनी जगह बरकरार है। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के अनुसार 31 मार्च 2014 को केंद्र सरकार का कर्ज 58.6 लाख करोड़ (जीडीपी का 52.2 प्रतिशत) रुपए था, जो 31 मार्च 2023 को बढकर 155.6 लाख करोड़ रुपए (जीडीपी का 57.1 प्रतिशत) हो गया है। वहीं 2014-15 से शुरू होने वाले पिछले नौ वित्तीय वर्षों में भारतीय बैंकों ने 14.56 लाख करोड़ रुपए के बुरे ऋण माफ किए हैं। कुल 1456226 करोड़ रुपए में से बड़े उद्योगों और सेवाओं के बट्टे खाते में डाले गए ऋण 740968 करोड़ रुपए थे।

जाहिर है इसका फायदा भी बड़े उद्योगपतियों को ही मिला है। वे बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं, जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने इकोनॉमी को बूस्ट देने के नाम पर 2019 में कार्पोरेट टैक्स को घटाने का ऐलान किया था। इस ऐलान के बाद घरेलू कंपनियों को जो कार्पोरेट टैक्स पहले 30 फीसदी की दर से देना होता था वो घटकर 22 फीसदी हो गया है। जाहिर है इस तरीके से भी उद्योगपतियों को ही लाभ हुआ है। कोरोना संकट के तुरंत बाद लोगों को न केवल अपनी नौकरियों से हाथ धोना पड़ा था बल्कि बड़ी संख्या में कामगारों और मजदूरों का पलायन भी हुआ था। ऊपर से 2020 में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भी सीमित मात्रा में रिक्रूटमेंट की थी। इससे हमारे युवाओं को भारी निराशा का सामना करना पड़ा था। सीएमआईई के अनुसार, भारत में बेरोजगारी दर मार्च 2024 में 7.4 प्रतिशत से बढकर अप्रैल 2024 में 8.1 प्रतिशत हो गई है। महंगाई एवं बेरोजगारी आज भी भारतीय नागरिकों के लिए बड़े मुद्दे बने हुए हैं।

यद्यपि भारत में लोगों ने शिक्षा और रोजगार के महत्व को समझा है, तथापि गरीबी के आंकड़े बयां करते हैं कि भारत में पिछले कुछ दशकों में अमीरी-गरीबी के बीच खाई और चौड़ी हुई है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा 2015-16 में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में 36.40 करोड़ लोग गरीब थे, वहीं नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत में गरीबी दर 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत रह गई है। यानी कि पिछले 9 सालों में 17.89 प्रतिशत की कमी आई। फिर यह सवाल उठना लाजिमी ही है कि यदि नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार गरीबी घटी है तो 80 करोड़ लोगों में पांच किलोग्राम राशन मुफ्त किसलिए बांटा जा रहा है? आज आवश्यकता इस बात की ज्यादा है कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय और आयकर विभाग सर्वाधिक अमीरों से ज्यादा टैक्स वसूलने और उन व्यापारियों पर नकेल कसें जो गलत ब्यौरा देकर अथवा अपनी वास्तविक आय को छुपाकर बेनामी संपत्ति बना रहे हैं। आज बड़े कस्बों और शहरों में ऐसे लाखों कारोबारी और व्यापारी मिलेंगे जो एमआरपी के नाम पर मोटी कमाई कर अकूत दौलत इकी कर रहे हैं। लेकिन सरकार को मामूली टैक्स देकर अंगूठा दिखा रहे हैं। ऐसे लोगों की परिसंपत्तियों की जांच होनी चाहिए और उन पर जुमार्ना लगाकर उनको भी टैक्स पेयर्स के दायरे में लाया जाना चाहिए। वहीं सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को राहत पहुंचाने की भी जरूरत है जो ईमानदारी से अपना इनकम टैक्स चुका कर राष्ट्र सेवा कर रहे हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का दावा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड-19 संकट के दबाव से बाहर निकल चुकी है। सेंटर ऑफ इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च का भी मानना है कि 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। ऐसे में भारत में गरीबी की बढ़ती खाई को पाटने की तत्काल जरूरत है। भारत में जनसंख्या नियंत्रण एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और रोजगार जैसे क्षेत्रों में तेजी से सुधार और लोगों के जीवनस्तर में उत्थान द्वारा ही सामाजिक असमानता पर काबू पाया जा सकता है। इसके लिए सरकारों को निरंतर आर्थिक विकास के लिए नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करना और लागू करना होगा। कहते हैं रात भले ही कितनी भी काली क्यों न हो लेकिन सूर्य की किरणें अपनी रोशनी से चहुं ओर उजाला फैला ही देती हैं। बकौल कवि गोपाल दास नीरज, मेरे देश उदास न हो फिर दीप जलेगा तिमिर ढलेगा। आशा है कि 18वीं लोकसभा के चुनावों के बाद आने वाली केंद्र सरकार भारत की अवाम के लिए खुशियों का पिटारा लेकर आएगी और गरीबी के कलंक से मुक्ति मिलेगी।

# हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागतयोग्य फैसला

आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी। हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी ह्यगाने और डांसह्न, ह्यशराब पीने और खानेह्न का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा।





**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी।

हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी ह्यगाने और डांसह्न, ह्यशराब पीने और खानेह्न का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है। कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।

प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दशार्या गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है।

हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि $ वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है - विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्न ी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रूव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के

# सैम अंकल की टिप्पणी चुनावी मुद्दा क्यों?

अब्बल तो सैम पित्रोदा का भारतीय राजनीति से फिलहाल कोई सीधा रिश्ता नहीं है और वे अब इतने महत्वपूर्ण भी नहीं रह गए हैं कि उनकी टिप्पणियों को विश्वगुरु माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी संज्ञान लें। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि माननीय मोदी जी की झोली खाली है इसलिए सैम अंकल की टिप्पणी उन्हें डूबते को तिनके का सहारा बन गयी है। सैम अंकल की टिप्पणी यदि नस्लवादी लगती है तो सभी को उसकी निंदा करना चाहिए और मै तो कहता हूँ की यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आये तो सैम अंकल को दिया गया पदम् अलंकरण भी वापस ले लेना चाहिए। सैम अंकल का भारत के तकनीकी विकास में जो योगदान है उसे ठुकराया नहीं जा सकता। उन्हें मुद्दा बनाने की एक मात्र वजह ये है कि वे उस परिवार के नजदीकी हैं जो परिवार पूरी भाजपा को और खासकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई दामोदर दास यदि को फूटी आँख नहीं सुहाता। मोदी जी सैम के मित्र परिवार को शाही परिवार और उस परिवार के मुखिया को शाहजादा कहते हैं। सैम का मित्र परिवार इन दिनों भूत बनकर सरकार और सरकारी पार्टी के सर पर सवार है। कभी –कभी मुझे इसी वजह से भाजपा के प्रति सहानुभूति भी होती है। आज की पीढ़ी सैम अंकल के बारे में शायद ज्यादा न जानती हो, इसलिए बता दूँ कि सैम अंकल कोई एलियन नहीं बल्कि भारतवंशी हैं। मोदी जी की ही तरह गुजराती हैं। सैम पित्रोदा का पूरा नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा है। उनका जन्म ओडिशा के टिटलागढ़ में एक गुजराती बढ़ई परिवार में हुआ था।





**राकेश अचल**
लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं

सैम अंकल यानि सैम पित्रोदा की एक टिप्पणी से 56 इंच का सीना सिकुड़कर 36 इंच का हो गया। अब्बल तो सैम पित्रोदा का भारतीय राजनीति से फिलहाल कोई सीधा रिश्ता नहीं है और वे अब इतने महत्वपूर्ण भी नहीं रह गए हैं कि उनकी टिप्पणियों को विश्वगुरु माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी संज्ञान लें। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि माननीय मोदी जी की झोली खाली है इसलिए सैम अंकल की टिप्पणी उन्हें डूबते को तिनके का सहारा बन गयी है। सैम अंकल की टिप्पणी यदि नस्लवादी लगती है तो सभी को उसकी निंदा करना चाहिए और मै तो कहता हूँ की यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आये तो सैम अंकल को दिया गया पदम्-अलंकरण भी वापस ले लेना चाहिए।

सैम अंकल का भारत के तकनीकी विकास में जो योगदान है उसे ठुकराया नहीं जा सकता। उन्हें मुद्दा बनाने की एक मात्र वजह ये है कि वे उस परिवार के नजदीकी हैं जो परिवार पूरी भाजपा को और खासकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई दामोदर दास यदि को फूटी आँख नहीं सुहाता। मोदी जी सैम के मित्र परिवार को शाही परिवार और उस परिवार के मुखिया को शाहजादा कहते हैं। सैम का मित्र परिवार इन दिनों भूत बनकर सरकार और सरकारी पार्टी के सर पर सवार है। कभी -कभी मुझे इसी वजह से भाजपा के प्रति सहानुभूति भी होती है।

आज की पीढ़ी सैम अंकल के बारे में शायद ज्यादा न जानती हो, इसलिए बता दूँ कि सैम अंकल कोई एलियन नहीं बल्कि भारतवंशी हैं। मोदी जी की ही तरह गुजराती हैं। सैम पित्रोदा का पूरा नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा है। उनका जन्म ओडिशा के टिटलागढ़ में एक गुजराती बढ़ई परिवार में हुआ था। सैम अंकल भी मोदी जी कि ही तरह गरीब और पिछड़े परिवार से आते हैं मोदी जी और सैम अंकल में फर्क सिर्फ इतना है कि मोदी जी कि शैक्षणिक उपाधियों को लेकर चुनातियाँ दी गयी हैं, उन पर संदेह जताया गया है जबकि सैम अंकल कि उपाधियों को लेकर कोई विवाद नहीं है। पित्रोदा ने अपनी शुरूआती पढ़ाई गुजरात के वल्लभ विद्यानगर से पूरी की। इसके साथ ही वडोदरा के महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी से फिजिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मास्टर किय। इसके बाद वो 1964 अमेरिका चले गए और वहां से उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर उपाधि हासिल की फिर उन्होंने 1965 से टेलिकॉम इंडस्ट्री में हाथ आजमाया. साल 1981 में पित्रोदा भारत वापस लौट आए।

माननीय मोदी जी मानें या न माने किन्तु पूरी दुनिया और देश मानता है कि भारत आकर पित्रोदा ने देश की टेली कम्युनिकेशन सिस्टम को आधुनिक बनाने के बारे में सोचा और शायद इसीलिए उन्हें भारत में सूचना क्रांति का जनक माना जाता है। भाजपा जब कुल चार साल कि थी तब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निमंत्रण पर 1984 में उन्होंने टेलीकॉम के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए सी-डॉट अर्थात ह्यसेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलिमैटिक्सह्न की स्थापना की थी। पित्रोदा की क्षमता से राजीव गांधी बेहद प्रभावित हुए. जिसके बाद उन्होंने पित्रोदा को डोमेस्टिक और फॉरेन टेलीकॉम पॉलिसी पर काम करने को कहा.आज की सरकार को शायद पता है या नहीं किन्तु हकीकत ये है कि सैम अंकल ने तत्कालीन प्रधनमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से प्रौद्योगिकी को डिजिटल बनाने की जरूरत पर बात की। इंदिरा गांधी पित्रोदा से काफी प्रभावित हुईं। अमेरिका की नागरिकता मिलने के बाद भी इंदिरा गांधी के बुलावे पर पित्रोदा भारत आ गए और यहां की नागरिकता ले ली। ये उनका अपना राष्ट्रवाद था। इंदिरा गांधी के निधन के बाद राजीव गांधी ने अपनी सरकार में पित्रोदा को अपना सलाहकार नियुक्त किया. इस सरकार में उन्होंने दूरसंचार, जल, साक्षरता, टीकाकरण, डेयरी उत्पादन और तिलहन से संबंधित छह प्रौद्योगिकी मिशनों का नेतृत्व किया. साल 2005 से 2009 तक सैम पित्रोदा भारतीय ज्ञान आयोग के अलावा वे भारत के दूरसंचार आयोग के संस्थापक और अध्यक्ष भी रहे।

सैम अंकल की टिप्पणियों को चुनावी मुद्दा बनाना भाजपा की विवशता है क्योंकि उसे नहीं पता कि सैम अंकल राजीव गांधी की हत्या के बाद वापस अमेरिका चले गए। 1995 में उन्हें इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन इनिशिएटिव का चेयरमैन बनाया गया। 2004 में जब देश में कांग्रेस की सरकार बनी तो तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने सैम पित्रोदा को वापस भारत बुलाकर उन्हें नेशनल नॉलेज कमीशन का अध्यक्ष बनाय। वहीं 2009 में यूपीए सरकार के दौरान पित्रोदा को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का सलाहकार नियुक्त किया गया।

मुझे लगता है कि यदि माननीय मोदी जी भी सैम अंकल की प्रतिभा को पहचान लेते तो वे भी उनकी सेवाएं लेने से न हिचकते किन्तु सैम अंकल का गांधी परिवार के निकट होना ही उनकी तमाम उपलब्धियों पर पानी फेरने के लिए काफी साबित हुआ। सैम अंकल का रिश्ता राहुल गांधी से भी बेहद खास रहा। यहां तक कि पित्रोदा को राहुल गांधी का राजनीतिक गुरु भी माना जाता है। यही वजह है कि भाजपा पित्रोदा को राहुल का अंकल कहकर तंज करती है।

लेख तनिक लंबा हो सकता है किन्तु सैम अंकल को समझने के लिए इसे बर्दाश्त करना पडेगा आपको। दरअसल सैम अंकल वैज्ञानिक हैं, लेकिन अंधभक्त नहीं। वे हमेशा खरी-खरी कहते हैं इसलिए भाजपा के मन से उतरे रहते हैं। सैम पित्रोदा ने जून 2023 में कहा था कि मंदिरों से देश की बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी दिक्कतों का समाधान नहीं होगा, इन मुद्दों पर कोई बात नहीं करता।

# महंगे सिलेंडर के कारण फिर से मिट्टी के चूल्हे जलाती महिलाएं

सिमरन सहनी

ऐसा लगता है कि गरीब मजदूर-किसानों के घरों को धुंआ मुक्त चूल्हा उपलब्ध कराने के उद्देश्य केंद्र सरकार ने जिस उज्ज्वला योजना की शुरूआत की थी वह महंगे गैस सिलेंडर की भेंट चढ़ती नजर आ रही है. इस योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को मुफ़्त एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए थे. इससे गरीब परिवारों विशेषकर महिलाओं के चेहरे पर खुशी देखते ही बनती थी. परंतु हर महीने रिफिलिंग (सिलेंडर में दोबारा गैस भराना) में लगने वाले पैसों ने उनकी इस खुशी पर ग्रहण लगा दिया है. ऐसे में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवार एक बार फिर से मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी, कोयले और अन्य जलावन से भोजन पकाने पर मजबूर हो गया है. जिस धुएं वाले चूल्हे से गरीब परिवार की महिलाओं को मुक्ति मिल गई थी, एक बार फिर से उन्हें उसी चूल्हे का रुख करना पड़ रहा है. उसी धुएं के बीच भोजन पकाना उनकी नियति बन गई है. मिट्टी के चूल्हे पर जलावन से निकलते धुएं और चिंगारी के कारण झोपड़ीनुमा घरों में हर समय आग लगने की संभावना भी सबसे अधिक बनी रहती है. वहीं दूसरी ओर इससे निकलने वाला जानलेवा धुआं महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डालता है. दरअसल पितृसत्तात्मक समाज ने सदियों से रसोई घर की जिम्मेदारी महिलाओं के कंधे पर डाल रखी है. ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में केवल खाना पकाना ही नहीं बल्कि जलावन के लिए लकड़ियों को इकठ्ठा करने की जिम्मेदारी भी महिलाओं की होती है. जिसके लिए प्रतिदिन उन्हें कई किमी दूर तक भी भटकना पड़ता है. जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जंगल नहीं होते हैं वहां यह गरीब महिलाएं बड़े स्तर के किसानों और जमींदारों के खेतों से बड़ी कठिनाइयों से लकड़ियां इकट्ठी करती हैं. जिसके लिए इकट्ठी लकड़ियों का आधा हिस्सा उन्हें शुल्क के रूप में चुकाना होता है. ऐसी ही कठिनाइयों को झेल रही हैं बिहार के मुजफ्फरपुर जिला स्थित जोड़ाकान्ही गांव की महिलाएं. जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर साहेबगंज प्रखंड के हुस्सेपुर रति पंचायत स्थित इस गांव में अधिकतर अनुसूचित जाति (मल्लाह समुदाय) का परिवार आबाद है. जो आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है. गाँव के अधिकतर पुरुष मुजफ्फरपुर शहर जाकर घर निर्माण या अन्य कामों में दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं. जिससे परिवार के लिए मुश्किल से भोजन की व्यवस्था हो पाती है. कुछ पुरुष भाड़े पर ऑटो रिक्शा चलाने का काम करते हैं. जबकि ज्यादातर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त किसानों के खेतों और मनरेगा में काम कर घर की आमदनी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. ऐसे में प्रतिमाह गैस सिलेंडर भरवाना उनकी जेबों पर भारी पड़ने लगा है और वह फिर से मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं. इस संबंध में गांव की 35 वर्षीय शोभा देवी, जो अपने छोटी से झोंपड़ी में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाते हुए कहती हैं कि हमें उज्ज्वला योजना के तहत फ्री सिलेंडर तो मिल गया परंतु हर महीने या दो महीने पर 1030 रुपए का उसमें गैस कहां से भरवाएंगे? इतना तो हम कमाते भी नहीं हैं. पति दैनिक मजदूर हैं. जो कमाते हैं वह घर के राशन में ही खर्च हो जाता है. जो बचता है उससे बच्चों की दवाइयाँ और बाकी जरूरतों को पूरा होता है. पहले तो सब्सिडी के कुछ पैसे भी आ जाते थे. लेकिन पिछले कुछ माह से वह भी बंद हो गए हैं. इसलिए फिर से मिट्टी का चूल्हा ही फूंकना हमारी मजबूरी है. वह कहती हैं कि बारिश के दिनों में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाना बहुत मुश्किल हो जाता है. गीले जलावन के कारण एक कमरे की छोटी झोंपड़ी मे पूरा धुआं भर जाता है. बच्चे खाँसते रहते हैं लेकिन उसी हालत में खाना बनाना होता है. जब तक गैस सिलेंडर था ऐसी कठिनाइयाँ नहीं होती थी. गांव की कुछ अन्य महिलाएं कहती हैं कि गैस रिफिलिंग सस्ती होती तो हमें 3-4 कोस चलकर इतनी ठंडी या गर्मी में चलना नहीं पड़ता. जलावन के लिए दर दर भटकना नहीं पड़ता. हम अगर दियारा क्षेत्र (नदी के आसपास का किनारा) नही जाएंगे तो हमारे परिवार और बच्चों का क्या होगा? इतनी महंगाई में एलपीजी गैस को रिफिल कराना संभव नहीं है. एक महिला ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि हम दिन भर की कड़ी धूप में इतनी मेहनत से जलावन इकट्ठा करती हैं



# अल्लू अर्जुन की पुष्पा फ्रेंचाइजी में काम कर पछता रहे फहद फासिल?

फहद फासिल वर्तमान में अपनी हालिया एक्शन कॉमेडी फिल्म आवेशम की सफलता का आनंद ले रहे हैं। अभिनेता की सुपरहिट परियोजनाओं में अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पा- द राइज भी शामिल है। एक डरावने खलनायक एसपी भंवर सिंह शेकावत के रूप में उन्होंने काफी चर्चा पैदा की। वहीं, अब पुष्पा 2- द रूल में उनकी वापसी का भी दर्शकों को इंतजार है, लेकिन हाल ही में एक साक्षात्कार में फहद ने खुलासा किया कि फिल्म ने उनके या उनके करियर के लिए कुछ खास नहीं किया।

## पुष्पा से अभिनेता की यह शिकायत

दरअसल, हाल ही में दिए साक्षात्कार में फहद से पुष्पा- द राइज के बाद उनकी अखिल भारतीय स्वीकार्यता के बारे में पूछा गया। उन्होंने जवाब दिया कि उन्हें नहीं लगता कि पुष्पा ने उनके लिए कुछ किया है और यह बात उन्होंने निर्देशक सुकुमार से भी कही। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें इसे छुपाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे अपने बयान के प्रति ईमानदार हैं। किसी भी चीज का अपमान किए बिना वे मॉलीवुड में अपना काम करना पसंद करते हैं।

## मलयालम सिनेमा में है जिंदगी

उन्होंने आगे कहा कि पुष्पा के बाद लोग मुझसे जादू की उम्मीद करते हैं... नहीं। यह सुकुमार सर के लिए शुद्ध सहयोग और प्यार है। मेरा सामान यहां मलयालम सिनेमा में है। बहुत स्पष्ट रूप से, मेरा सामान यहां है। उन्होंने बहुत साफ तौर पर कहा कि उनकी जिंदगी मलयालम सिनेमा में है। पुष्पा 2- द रूल में एसपी भंवर सिंह शेखावत आईपीएस के रूप में फहद फासिल की भूमिका पहले भाग की तुलना में अधिक स्क्रीन समय का वादा करती है।

## फहद को मिलेगी ज्यादा भूमिका

पुष्पा 2 में रश्मिका मंदाना अभिनेता अल्लू अर्जुन के साथ उनकी प्रेमिका के रूप में नजर आएंगी, जबकि फहद फासिल प्रतिपक्षी की भूमिका में दिखेंगे। वहीं, सहायक भूमिकाएं सुनील, राव रमेश, अनसूया भारद्वाज और जगदीश निभाते हुए नजर आएंगे। पुष्पा 2- द रूल की कहानी निर्देशक सुकुमार और श्रीकांत विसा द्वारा लिखी गई है। फिल्म इस साल 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं उम्मीद है कि फहद फासिल को इस पर ज्यादा स्क्रीन टाइमिंग मिलेगी। फहद की फिल्म आवेशम ने बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।



# सावि-ए ब्लडी हाउसवाइफ में एक्शन अवतार में दिखेंगी दिव्या खोसला

**अभिनेत्री दिव्या खोसला सावि- ए ब्लडी हाउसवाइफ से धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। बीते दिन फिल्म का पहला टीजर जारी किया था, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया। वहीं, अब फैंस के उत्साह बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा टीजर जारी कर दिया है। दूसरे टीजर में दिव्या खोसला का एक बार फिर दमदार अवतार फैंस को देखने को मिला।**

## दो दिन में रचेंगी बड़ी साजिश

टी सीरीज के जरिए जारी किए गए दूसरे टीजर में सावि के रूप में दिव्या खोसला को एक्शन करते हुए दिखाया गया है। वे चोटिल हैं और उनके हाथ भी खून से रंगे हुए हैं। ऐसे में वे किसी पर बंदूक से निशाना लगाती हैं। फिर वे कहती हैं कि उनके पास केवल दो दिन बचे हैं जेल ब्रेक करने के लिए, लेकिन उन्हें समझ नहीं आ रहा कैसे करें। वे सबसे उनके लिए प्रार्थना करने के लिए कहती हैं।

## पहला टीजर भी था दमदार

इस पहले जारी किए गए पहले टीजर में दिव्या खोसला को बड़ा बयान देते हुए सुना गया था। उन्हें यह कबूल करते हुए दिखाया गया है कि उनके पास तीन दिनों के बाद लंदन में जेल ब्रेक की साजिश रचने और उसे अंजाम देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वे एक साधारण गृहणी हैं, लेकिन आखिरकार उन्होंने अपने हाथों को खूब से क्यों रंगा है? यह टीजर ऐसे कई सवाल पैदा कर रहा है।

## इस दिन रिलीज होगी फिल्म

फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्धन राणे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है। किरदार देव की फिल्म सावी का निर्माण विशेष मनोरंजन और टी-सीरीज के बैनर मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने किया है। शिव चाना और साक्षी भट्ट सह-निर्माता के रूप में शामिल हैं। यह फिल्म एक बेहतरीन एक्शन एक्शन से भरपूर है। हालांकि, यह देखने के लिए कि एक साधारण गृहिणी के जेल से पीछे की कहानी क्या है और वह इसे कैसे प्रदर्शित करती है, इसके लिए फिल्म के रिलीज होने तक का इंतजार करना होगा। यह फिल्म 31 मई, 2024 को रिलीज होगी।

# राहत फतेह अली खान के साथ काम करना मेरा सपना रहा है

एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने कहा कि आखिरकार उन्हें म्यूजिक वीडियो दोस्त बनके में राहत फतेह अली खान के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने खुद को भाग्यशाली बताया और कहा कि वह हमेशा से उनके साथ काम करना चाहती थीं। प्रियंका ने कहा, मैं राहत फतेह अली साहब का म्यूजिक बहुत सुनती हूं। मैं सचमुच उन्हें बहुत पसंद करती हूं। उनकी आवाज में जादू है और मैं हमेशा उनके साथ काम करने की चाह रखती थी और सौभाग्य से ऐसा हो रहा है। एक्ट्रेस ने कहा, उस चीज की कल्पना करें जिसके बारे में आपने सोचा है और वह सच में हो रहा है, तो आप बहुत उत्साहित और खुश होंगे। प्रियंका शो उड़ारियां से तेजो सिंह विर्क के किरदार से मशहूर हुईं। 2016 में उन्हें सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो बिग बॉस में देखा गया था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अपनी लगातार बढ़ती लोकप्रियता के लिए टीवी को श्रेय देती हैं, प्रियंका ने कहा, निश्चित रूप से, मैं आज जहां हूं.. टीवी और रियलिटी शो की वजह से हूं।



# शिल्पा शिंदे ने खत्म किया चैनल के साथ झगड़ा, खतरों के खिलाड़ी 14 में हुईं शामिल!

ऐसा लगता है कि अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे का कलर्स चैनल के साथ झगड़ा खत्म हो गया है। दो साल पुराने गिले-शिकवे मिटा दिए हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि खबरें हैं कि शिल्पा शिंदे अब इस चैनल के रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 में नजर आएंगी। यानी अब वह खतरों से खेलते हुए दिखेंगी और शो की कन्फर्म कंटेस्टेंट बताई जा रही हैं। हालांकि, अभी मेकर्स की तरफ से ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। शिल्पा शिंदे का झलक दिखला जा 10 के दौरान मेकर्स के साथ झगड़ा हो गया था। तब उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में शो के जज करण जौहर, माधुरी दीक्षित और नोरा फतेही पर पक्षपात के आरोप लगाए थे। शिल्पा शिंदे ने दावा किया था कि मेकर्स ने निया शर्मा और रुबीना दिलैक को फेवर किया। रिपोर्ट के मुताबिक, सोर्स के हवाले से बताया गया है कि शिल्पा शिंदे और चैनल के बीच पैचअप हो गया है। शिल्पा ने सारे गिले-शिकवे भुला दिए हैं और वह खतरों के खिलाड़ी 14 का हिस्सा हैं। अब देखना यह होगा कि शिल्पा शिंदे स्टंट और एक्शन में क्या कमाल दिखाएंगी। वैसे बता दें कि झलक दिखला जा 10 के बाद शिल्पा शिंदे ने अपने इंस्टग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर किए थे। इनमें उन्होंने शो के जजों के साथ-साथ मेकर्स को भी घसीट लिया था। शिल्पा ने कहा था कि मेकर्स अपनी फेवरेट निया शर्मा और रुबीना को आगे रखते हैं।





# माधुरी दीक्षित ने परिवार को समय देने के लिए एक्टिंग से लिया ब्रेक

एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित नेने ने अपने पति श्रीराम नेने के साथ परिवार को समय देने के लिए काम से ब्रेक लेने के अपने फैसले के बारे में बात की। किसका ब्रांड बजेगा पर बातचीत के दौरान, माधुरी ने अपने फैसले के बारे में बात की और कहा, मेरे लिए, यह उन सपनों में से एक है, जो मैंने खुद के लिए देखे थे। माधुरी ने 1999 में लॉस एंजिल्स के कार्डियोवैस्कुलर सर्जन श्रीराम से शादी की। उन्होंने 2003 में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया, जिसका नाम अरिन रखा और फिर दो साल बाद दूसरे बेटे रयान का जन्म हुआ। माधुरी ने कहा कि परिवार बनाना और बच्चे पैदा करना एक ऐसी चीज थी, जिसका वह हमेशा इंतजार करती थीं। 2022 में द फेम गेम से एक्टिंग में कमबैक करने वाली माधुरी ने बताया कि काम को छोड़कर परिवार को समय देने का फैसला करना आसान नहीं है।



# स्टारडम के आखिरी चरण की शूटिंग कर रहे आर्यन खान, इस दिन रिलीज होगी डेब्यू सीरीज

**बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान शोबिज की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं, लेकिन एक ट्विस्ट के साथ। आर्यन खान अपने करियर की शुरुआत अभिनय से नहीं, बल्कि निर्देशन से करने वाले हैं। वे अपनी पहली परियोजना में निर्देशक की भूमिका निभाएंगे। आर्यन छह-एपिसोड की वेब सीरीज स्टारडम के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत करेंगे, जिसमें शाहरुख, रणबीर कपूर और रणवीर सिंह की कैमियो भूमिकाएं हैं।**

## आखिरी चरण की शूटिंग जारी

स्टारडम की शूटिंग जून 2023 में ही शुरू हो चुकी थी। फिर 19 अप्रैल 2024 में गोवा में शूटिंग शुरू हुई। वहीं अब खबर है कि आर्यन फिलहाल स्टारडम के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके साथ ही सीरीज के बारे में नई दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं, जो इसकी रिलीज के बारे में है। खबर है कि इस ओटीटी शो को साल के अंत तक रिलीज किया जाएगा।

## इस दिन रिलीज होगी सीरीज

रिपोर्ट्स के अनुसार, आर्यन खान पूरे अप्रैल में स्टारडम की शूटिंग में व्यस्त थे। सीरीज की शूटिंग मुंबई के अंधेरी ईस्ट स्टूडियो से मड आइलैंड तक में हुई। अब आर्यन गोरेगांव में रॉयल पाम्स में स्टारडम पर काम कर रहे हैं। चर्चा है कि शूटिंग किसी अन्य स्थान पर जाने से पहले सप्ताह के अंत तक गोरेगांव स्थल पर चलेगी। इसके साथ ही आर्यन संपादन की देखरेख कर रहे हैं। हालांकि, शो की रिलीज पर कोई जल्दी नहीं है। टीम सीरीज को इस साल के अंत में रिलीज करने के लिए उत्सुक है।

## कई सितारों का कैमियो

सीरीज का निर्देशन आर्यन खान ने किया है। स्टारडम में लक्ष्य लालवानी मुख्य भूमिका में होंगे। अभिनेता के अलावा कथित तौर पर रणबीर कपूर, रणवीर सिंह और शाहरुख के वेब शो में विशेष भूमिका निभाने की उम्मीद है। इसमें बॉबी देओल और मोना सिंह भी नजर आएंगे। स्टारडम को आर्यन के पिता और सुपरस्टार शाहरुख खान का समर्थन प्राप्त है। सीरीज का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है।



# ऋषभ शेट्टी ने कांतारा चैप्टर 1 पर दिया अपडेट

**ब्लॉकबस्टर कांतारा के बाद से ही फैंस इसके अगले पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। ऋषभ शेट्टी इसका अगला पार्ट तो नहीं, पर प्रीक्वल जरूर लेकर आ रहे हैं, जिसका टीजर नवंबर 2023 में रिलीज किया गया था। उस टीजर को देख फैंस खुशी के मारे पागल हो गए थे, और तभी से जानने को बेचैन हैं कि कांतारा- चैप्टर वन कब आ रही है और क्या इसकी शूटिंग शुरू हो गई है? अब एक्टर और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी ने खुद कांतारा वन को लेकर अहम अपडेट दिया है।**

ऋषभ शेट्टी ने बताया, हमने कांतारा वन की शूटिंग शुरू कर दी है। इसकी शूटिंग अभी चल रही है। लेकिन मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं बोलना चाहूंगा, क्योंकि सोशल मीडिया पर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। मैं दर्शकों से कहना चाहूंगा कि वो हमारे प्रोडक्शन हाउस द्वारा दी गई जानकारी पर ही विश्वास करें। जब लोग सिनेमाघरों में आते हैं, तो उन्हें एक अच्छा अनुभव होना चाहिए। आजकल बड़े पर्दे से ज्यादा लोगों को खबरों में फिल्मों के बारे में देखने और सुनने को मिलता है। बेहतर होगा कि हम इसे खराब न करें और स्क्रीन के लिए बचाकर रखें।

## कांतारा चैप्टर वन में ऋषभ शेट्टी का लुक

ऋषभ शेट्टी ने यह भी बताया उन्होंने कांतारा - चैप्टर वन के लिए एक साल तक अपनी दाढ़ी को बढ़ाया है। इसलिए वह नहीं चाहते कि फिल्म से जुड़ा कोई भी राज बाहर आए और सारी मेहनत पर पानी फिर जाए। ऋषभ शेट्टी ने बताया कि वह लोगों की उम्मीदें नहीं तोड़ना चाहते।

## कांतारा चैप्टर वन का बजट

कांतारा - चैप्टर वन की बात करें, तो रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसका बजट 125 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। यह कांतारा से भी बड़ी और खतरनाक होगी। कांतारा का बजट 16 करोड़ रुपये था, और इसने बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये तक का कलेक्शन किया था। प्रीक्वल यानी कांतारा- चैप्टर वन के पहले शेड्यूल के लिए कर्नाटक के कुंडपुरा के तटीय इलाके में करीब 200×200 का भव्य सेट बनाया गया। फिल्म शूटिंग इसी इलाके में की जाएगी।

## परशुराम बनेंगे ऋषभ शेट्टी!

चर्चा है कि वह कांतारा- चैप्टर वन में ऋषभ शेट्टी परशुराम के किरदार में होंगे, जोकि एक बड़े शिव भक्त थे। दरअसल कांतारा की कहानी कर्नाटक के तुलूनाडू इलाके की बताई जा रही है, जिसे परशुराम सृष्टि कहा जाता है। हालांकि अभी तक मेकर्स की तरफ से कुछ रिवील नहीं किया गया है।

# फिल्म वृषभ से बॉलीवुड डेब्यू करेंगी शनाया कपूर

शनाया कपूर जल्द ही बॉलीवुड फिल्मों में अपना डेब्यू करेंगी। फिल्म वृषभ में साउथ के सुपरस्टार मोहनलाल भी नजर आएंगे।

शनाया अपनी फोटोज और वीडियो के जरिए सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। एकता कपूर की फिल्म वृषभ को कन्नड़ डायरेक्टर नंदा किशोर निर्देशित करेंगे। फिल्म वृषभ में शनाया कपूर, रोशन मेका के अलावा जहरा एस खान भी नजर आएंगी।



व्यापार

सेंसेक्स
72404.17 पर बंद
निफ्टी
21957.50 पर बंद

सोना
72,485
चांदी
81,004

# मुनाफा घटा, लागत बढ़ी... इजरायल-हमास युद्ध ने कैसे भारतीय फार्मा सेक्टर को रुला दिया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल-हमास के बीच जारी संघर्ष भारतीय फार्मा कंपनियों पर भारी पड़ रहा है। इसके कारण इन कंपनियों का प्रॉफिट घटा है और लागत बढ़ी है। आप पूछेंगे यह कैसे दरअसल, इसकी वजह है लाल सागर। लाल सागर एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्ग है। यह एशिया और यूरोप को जोड़ता है। ऐतिहासिक रूप से यह शिपिंग कंपनियों के लिए इन दो स्थानों के बीच माल और माल परिवहन का पसंदीदा रूट रहा है।

हालांकि, पिछले साल यमन के विद्रोही समूह हूतियों के कारण इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने लगा। हूती विद्रोहियों ने शिपिंग मार्गों को बाधित करना और जहाजों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। इसका मकसद इजरायल और उसके समर्थकों से जुड़े व्यापार को नुकसान पहुंचाना था। इजरायल को गाजा से वापस बुलाने की मंशा के साथ ऐसा किया गया। हूतियों ने क्षेत्र से गुजरने वाले लगभग हर जहाज को धमकाना शुरू कर दिया। इससे शिपिंग कंपनियां इस मार्ग से पूरी तरह से बचने लगीं।

नतीजा यह है कि कंपनियों को केप ऑफ गुड होप से होकर गुजरने के लिए अपना रूट बदलना पड़ा है। इसके कारण शिपिंग समय में 15-20 दिन का अतिरिक्त समय लगता है। लागत में 60 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। बढ़ते जोखिम को ध्यान में रखते हुए बीमा प्रीमियम में भी धीरे-धीरे इजाफा हुआ है। इसका असर व्यवसायों और उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है। इसकी आशंका पहले से थी।



**दवा कंपनियों को लग रही चपत–** भारतीय फार्मा सेक्टर को इसकी तगड़ी मार पड़ी है। दवा कंपनी ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज का उदाहरण लेते हैं। बीते महीने कंपनी ने चौथी तिमाही में मुनाफे में कमी दर्ज की है। इसमें ज्यादातर कमी बाहरी एपीआई बिजनेस के कारण हुई। एपीआइ का मतलब है एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट। भारत को इस क्षेत्र में लीडर माना जाता है। भारतीय कंपनियां आंतरिक रूप से एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट का उत्पादन करती हैं। उसे यूरोपीय देशों और अमेरिका को निर्यात करती हैं। इन एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट का उपयोग बाद में दवाओं या औषधियों की मैन्यूफैक्चरिंग में किया जाता है। यह एक फायदेमंद बिजनेस है।

**क्या हो गया है बदलाव–** लाल सागर में विद्रोही हमलों के कारण अब पहले के शिपिंग मार्गों का इस्तेमाल करना मुमकिन नहीं है। जो यात्रा लगभग 11,000 किलोमीटर हुआ करती थी, वह अब लगभग 20,000 किलोमीटर तक बढ़ गई है। ऐसे में अगर भारत में दवा कंपनियों के पास अमेरिका और यूरोप के संगठनों के साथ मौजूदा दीर्घकालिक समझौते हैं तो उन्हें बढ़े हुए खर्च और देरी का असर महसूस होगा। हालांकि, एक और महत्वपूर्ण मुद्दा है। कुछ कुछ टेम्परेचर सेंसिटिव हैं। उन्हें देरी से परिवहन करना संभव नहीं है। नतीजतन, यह मांग तेजी से कम हो सकती है। इसका असर भारत और अमेरिका दोनों में दवा कंपनियों पर पड़ सकता है।

वैसे, यह केवल दवा उद्योग तक ही सीमित नहीं है। कपड़ा, वाहन निर्माता और उर्वरक कंपनियों को भी ऐसी ही चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसका प्रभाव सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुकेश अंबानी की रिलायंस से तीन गुना पहुंच गया सरकारी कंपनियों का मार्केट कैप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल के दिनों में सरकारी कंपनियों के शेयरों में भारी तेजी देखने को मिली है। इससे लिस्टेड कंपनियों में शेयरों की वैल्यू के हिसाब से सरकार की हिस्सेदारी 31 मार्च तक के कुल बाजार पूंजीकरण का 10.38 प्रतिशत पहुंच गई है। यह इसका सात साल के उच्च स्तर है। यह वैल्यू जून 2009 में लिस्टेड के कुल मार्केट कैप के 22 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। लेकिन सितंबर 2020 में यह 5.1 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसके बाद से यह वैल्यू दोगुनी हो गई है। 31 मार्च को समाप्त तीन वर्षों में लिस्टेड सरकारी कंपनियों के मार्केट कैप में लगभग 43 लाख करोड़ की तेजी आई है। इसके साथ ही उनका मार्केट कैप 61.22 लाख करोड़ पहुंच गया। यह देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकाबले तीन गुना से भी ज्यादा है। रिलायंस का मार्केट कैप अभी 1,892,082.69 करोड़ रुपये है।

आंकड़ों में यह बात सामने आई है। इसके मुताबिक पिछले तीन साल में छह सरकारी कंपनियों की लिस्टिंग से सरकारी कंपनियों के मार्केट कैप में 6.4 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी जैसी कंपनियों की लिस्टिंग हुई। निफ्टी पीएसई इंडेक्स और निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स में तीन साल में क्रमशः 326 प्रतिशत और 493 प्रतिशत की तेजी आई है जबकि निफ्टी ने 142 प्रतिशत रिटर्न दिया है। एक्सिस एसेट मैनेजमेंट के सीआईओ आशीष गुप्ता ने कहा कि पीएसयू की रीरेटिंग की वजह है।

### डिजिटल लेनदेन में वृद्धि से टेक्नोलॉजी पर 10 फीसदी खर्च बढ़ाएंगे आधा दर्जन बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिजिटल लेनदेन में वृद्धि से बैंक अब परिचालन खर्च का 10 फीसदी हिस्सा टेक्नोलॉजी पर खर्च कर सकते हैं। आधे दर्जन बैंक अच्छी सुविधा देने के लिए खर्च बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। टेक्नोलॉजी में दिक्कत से आरबीआई ने कई बैंकों पर जुर्माना लगाया है।

बैंक पहले टेक्नोलॉजी पर कुल परिचालन खर्च का 6 से 8 फीसदी के बीच खर्च कर रहे थे। यह वैश्विक औसत 10 से 12 फीसदी की तुलना में आधा ही है। पांच बैंकरों ने कहा कि आरबीआई ने बैंकों को तकनीक से संबंधित गड़बड़ियों को कम करने का निर्देश दिया है। गार्टनर का अनुमान है कि भारत की बैंकिंग और निवेश सेवा फर्मों ने 2023 में प्रौद्योगिकी पर 11.3 अरब डॉलर खर्च किया है। अधिकांश बैंकों की कोर बैंकिंग प्रणालियां पुरानी हो चुकी हैं। इसलिए वे यह आकलन कर रहे हैं कि क्या प्रणालियाँ डिजिटल गतिविधि में वृद्धि को संभाल सकती हैं।

### प्याज-टमाटर और आलू की कीमत बढ़ी, अप्रैल में शाकाहारी थाली 8 प्रतिशत महंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्याज, टमाटर व आलू के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली 8 फीसदी महंगी हो गई है। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अप्रैल में शाकाहारी थाली 27.4 रुपये की रही, जो एक साल पहले समान अवधि में 25.40 रुपये थी। इस साल मार्च में 27.3 रुपये रही थी।

क्रिसिल की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, एक साल पहले की तुलना में इस साल अप्रैल में प्याज का भाव 41 फीसदी, टमाटर का 40 फीसदी और आलू का 38 फीसदी बढ़ गया। रबी की फसल खराब होने से प्याज की आवक कम हो गई, जिससे दाम बढ़ गए। पश्चिम बंगाल में भी आलू की फसल खराब हो गई। सब्जियों की कीमत 28 फीसदी बढ़ी है।

# विदेश से पैसा भेजने के मामले में सबसे आगे भारतीय, इतने डॉलर भेजे कि बन गया नया रेकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेश से पैसा भेजने के मामले में भारतीयों ने नया रेकॉर्ड बना दिया है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने कहा कि भारत को साल 2022 में रेमिटेंस के रूप में 111 अरब डॉलर मिले। यह दुनिया में सबसे अधिक है। इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला दुनिया का पहले देश बन गया है। भारत के 1.8 करोड़ लोग विदेशों में काम करते हैं। इनमें से यूएई, अमेरिका और सऊदी अरब में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या है। इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने मंगलवार को जारी अपनी वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में रेमिटेंस प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत,



मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं।

रेमिटेंस का मतलब प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को भेजे गए पैसों से है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में भारत सबसे ऊपर ऊपर रहा। उसे 111 अरब डॉलर से अधिक धनराशि मिली, जिसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर तक पहुंचने और बल्कि इस आंकड़े को पार करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। मेक्सिको 2022 में रेमिटेंस के मामले में दूसरे नंबर पर रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पीछे छोड़कर हासिल किया था। इससे पहले तक चीन भारत के बाद ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है। रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी रेमिटेंस के मामले में टॉप पर रहा। उसे 2022 में 111.22 अरब डॉलर का प्रेषित धन मिला। दक्षिण एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश रेमिटेंस पाने वाले टॉप 10 देशों में रहे। पाकिस्तान और बांग्लादेश 2022 में क्रमशः करीब 30 अरब डॉलर और 21.5 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला।

# बैंक ऑफ बड़ौदा को सात महीने बाद मिली बड़ी राहत, अब शेयर बनेगा रॉकेट!




**नई दिल्ली, एजेंसी।** गवर्नमेंट सेक्टर के बैंक ऑफ बड़ौदा को बड़ी राहत मिली है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ बड़ौदा को करीब सात महीने बाद 'बॉब वर्ल्ड' एप्लिकेशन के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने की अनुमति दे दी। आरबीआई ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को उसके मोबाइल ऐप 'बॉब वर्ल्ड' के जरिये नए ग्राहक जोड़ने से 10 अक्टूबर, 2023 को रोक दिया था। यह कदम कुछ सुपरवाइजरी चिंताओं के बाद उठाया गया था। पिछले सप्ताह आरबीआई ने ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के जरिये कर्ज देने पर बजाज फाइनेंस पर भी प्रतिबंध हटा दिया था। बैंक ऑफ बड़ौदा ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा, 'हम सूचित करना चाहते हैं कि आरबीआई ने आठ मई, 2024 के अपने पत्र के माध्यम से बैंक को बॉब वर्ल्ड पर उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटाने के अपने निर्णय से अवगत कराया है।

# आईएसबी ने लॉन्च किया आई-वेंचर इमर्सिव प्रोग्राम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) ने आई-वेंचर इमर्सिव प्रोग्राम लॉन्च किया है, खास तौर पर ऐसे लोगों के लिए जो अपने इनोवेटिव आइडिआ को स्टार्टअप की शक्ल देना चाहते हैं और कारोबारी बनना चाहते हैं। इसे आईएसबी के आंत्रप्रेन्योरशिप यूनिट, आई-वेंचर ऐट आईएसबी ने शुरू किया है। यह देशभर के उभरते व्यवसाईओं को अपने जूनून और मेहनत को सही मुकाम तक पहुँचाने का काम करेगा। दाखिला लेने के लिए बारहवीं के बाद की शिक्षा ज़रूरी नहीं है, न ही किसी मौजूदा एंट्रेंस एग्ज़ाम, जैसे जीआरई, जीएमएटी वगैरा, की ज़रूरत होगी।



'आइ1आइ' के पहले बैच में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है और अक्टूबर से इसकी पढ़ाई शुरू होगी, जिसमें 50 सीट ऑफर की जा रही हैं। इस प्रोग्राम को 'इनक्यूबेटर से ज़्यादा और स्कूल से बढ़कर' की शक्ल दी गई है, जिसके तहत फुल-टाइम पाठ्यक्रम आईएसबी के हैदराबाद कैम्पस पर ऑफर किया गया है।

एप्लाई करने के लिए वीडियोज़ अपलोड करके अपना मोटिवेशन शेयर करना होगा। सलेक्शन प्रोसेस सिर्फ ग्रेड और मार्क्स तक सीमित नहीं है। 'आइ11आइ' में छात्रों को काबिलियत के हिसाब से अपने आइडिया को जमीन पर लागू करने के लिए वित्तीय सहयोग भी दिया जाएगा। इस प्रोग्राम को हर तरह के आंत्रप्रेन्योर या इनोवेटर की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इनमें शामिल हैं- हाल ही में पढ़ाई पूरी करने वाले युवा जो अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं; टेक प्रोफेशनल जो कारोबारी समझ पाना चाहते हैं; और ऐसे युवा जो अपने फैमिली बिजनेस से हटकर या बढ़कर नया वेंचर शुरू करना चाहते हैं।

# टाटा मोटर्स ने अपनी लखनऊ फैक्ट्री से 9,00,000वें वाहन को रोल-आउट करने का जश्न मनाया

## यह आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट कॉमर्शियल वाहनों का उल्लेखनीय हब है, इसमें पर्यावरण की रक्षा करने वाले परिवहन समाधान भी शामिल हैं

**लखनऊ, एजेंसी।** टाटा मोटर्स, कॉमर्शियल वाहन बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी, ने लखनऊ स्थित अपनी आधुनिक फैक्ट्री से 9,00,000वें वाहन को रोल-आउट करने का जश्न मनाया। टाटा मोटर्स के इस नए वाहन को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर लखनऊ स्थित फैक्ट्री पर टाटा मोटर्स के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

टाटा मोटर्स की लखनऊ स्थित फैक्ट्री 600 एकड़ में फैली हुई है। यह स्थिर निर्माण प्रक्रिया के प्रति टाटा मोटर्स की प्रतिबद्धता का जीता-जागता सबूत है। भारतीय उद्योग परिसंघ ने इसे वॉटर पॉजिटिव प्लांट के रूप में मान्यता दी है। इस संयंत्र में छह मेगावॉट का सोलर पावर प्लांट लगाया गया, जिससे कार्बन उत्सर्जन की मात्रा में उल्लेखनीय ढंग से कमी आई है। यह प्लांट अल्ट्रा मॉडर्न व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग स्टेशन को बढ़ावा देता है। यहां रोबोटिक पेंट बूथ और बॉडी इन वाइट शॉप जैसी सुविधाएं है। इसके साथ ही अन्य विशेषताओं के साथ यहां रोबोटिक स्पॉट वेल्डिंग की सुविधा है। 1992 में अपनी




शुरुआत के बाद से इस फैक्ट्री से कई यात्री और मालवाहक वाहनों का निर्माण किया है, जिसमें हल्के, मध्यवर्ती, मध्यम और भारी कॉमर्शियल वाहनों के साथ बिजली और फ्यूल सेल से चलने वाली इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। टाटा मोटर्स के लखनऊ स्थित संयंत्र से 9,00,000वें वाहन के रोल आउट के बारे में उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा, मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए टाटा मोटर्स को बधाईयां देता हूं। यह उपलब्धि मौजूदा और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक, सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण के अनुकूल आवागमन के साधनों को प्रदान करने में टाटा मोटर्स की शानदार उपलब्धि को उभारती है। इसके अलावा कंपनी महिलाओं को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने इस साल की जाने वाली भर्तियों में 22 फीसदी से ज्यादा महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर महिला सशक्तीकरण की मिसाल पेश की है।

# बीई/बीटेक प्रोग्राम्स में एकेडमिक एक्सीलेंस दे रहा थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड यूनिवर्सिटी) में बीई/बीटेक एडमिशन 2024 के लिए एप्लीकेशन शुरू हो चुके हैं। ये एडमिशन जेईई मेन 2024 की आल इंडिया रैंक और 12वीं की पीसीएम मेरिट को ध्यान में रखकर दिए जा रहे हैं। लेटरल एंट्री एडमिशन 10वीं के बाद तीन साल का डिप्लोमा या 12वीं के बाद दो साल का डिप्लोमा करने वाले छात्रों को दिया जाता है। इन छात्रों के लिए न्यूनतम अंकों की आवश्यकता 60 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 55 प्रतिशत) होती है। संस्थान की अलग अलग ब्रांच में 3,000 से अधिक सीटों उपलब्ध है। छह दशक से अधिक समय से रिसर्च एक्सीलेंस की विरासत के साथ और भारत में प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क)

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

में 20वें स्थान पर रैंकिंग प्राप्त करने के साथ, टीआईईटी इंजीनियरिंग के उन छात्रों के लिए एक प्रमुख और पसंदीदा जगह है जो एकेडमिक एक्सीलेंस की तलाश में है।

टीआईईटी एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए पूरी तरह से समर्पित है, योग्य छात्रों को मेरिट और आर्थिक सहायता छात्रवृत्ति के माध्यम से पर्याप्त समर्थन प्रदान करता है। पिछले साल, यह समर्थन राशि 32 करोड़ रुपये से अधिक थी, जिसने उच्च शिक्षा के अपने सपनों का पूरा करने वाले छात्रों को और सशक्त बनाया। इसके अलावा, इंटरनेशनल इंजीनियरिंग प्रोग्राम (आईईपी) छात्रों को दुनिया भर में प्रसिद्ध पार्टनर यूनिवर्सिटी जैसे ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन, यूनिवर्सिटी ऑफ मेंसलैंड, वर्जीनिया टेक, तल अवीव यूनिवर्सिटी और न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी में आसानी से स्थानांतरित करने का अवसर प्रदान करता है।

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. पद्मकुमार नायर इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डालते हैं और हमारे चारों ओर लगातार बदलते और डायनामिक वर्ल्ड को अपनाने की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हैं।

# एसवीयू मुंबई ने अपने प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**मुंबई।** सोमैया विद्याविहार युनिवर्सिटी, जिसे अपनी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है, वर्तमान में सोमैया विद्याविहार युनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों जैसे बीबीए, बी डेस प्रोडक्ट डिज़ाइन, बीए मास कम्युनिकेशन एण्ड जर्नलिज़्म बी.एससी आईटी, बीएससी कम्प्यूटर साइंस, बीएससी डेटा साइंस, बीएससी इकोनोमिक्स, बीएससी साइकोलोजी, बीएससी स्पोर्ट्स एण्ड एक्सरसाइज़ साइंस के लिए आवेदन स्वीकार कर रही है। किसी भी स्ट्रीम के छात्र इन प्रोग्रामों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन प्रोग्रामों को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि ये छात्रों को सफल करियर के लिए तैयार करते हैं। उम्मीदवार ऑफिशियल लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों में भी बी.टेक प्रोग्रामों के लिए आवेदन खुले हैं। बी.टेक प्रोग्रामों के लिए वैद्यता जॉइंट एंट्रेंस टेस्ट (जेईई) या महाराष्ट्र राज्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा एमएचटी-सीईटी के स्कोर पर आधारित होगी।

# गूगल वॉलेट भारत में लॉन्च हुआ, जिससे दैनिक जरूरतों के लिए तीव्र, सुरक्षित एक्सेस मिलेगी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गूगल ने भारत में गूगल वॉलेट लॉन्च किया। यह ऐप दैनिक जरूरतों के लिए तीव्र व सुरक्षित एक्सेस प्रदान करता है, ताकि लोग महत्वपूर्ण डिजिटल दस्तावेज, जैसे बोर्डिंग पास, लॉयल्टी कार्ड, मूवी टिकट आदि एक ही जगह रख सकें। गूगल वॉलेट गूगल पे के पूरक के रूप में काम करेगा, जो भारत में यूज़र्स की पेमेंट की सभी जरूरतों को पूरा करता रहेगा। गूगल वॉलेट अनुभव के लिए लॉन्च के अवसर पर गूगल ने भारत के 20 सर्वोच्च ब्रांड्स के साथ साझेदारी की है, जिनमें पीवीआर और आईनॉक्स, एयर इंडिया, इंडिगो, फ्लिपकार्ट, पाईन लैब्स, कोच्चि मेट्रो, अभिबस आदि शामिल हैं।

# केएल राहुल को बेइज्जत करने वाले संजीव गोयनका पर फूटा गुस्सा, क्रिकेट फैंस ने हेकड़ी निकाल दी




**हैदराबाद (एजेंसी)।** आईपीएल के 2024 संस्करण में लखनऊ सुपर जाइंट्स के सनराइजर्स हैदराबाद से शर्मनाक हार के बाद फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका बेहद निराश दिखे और उन्होंने अपनी निराशा कप्तान केएल राहुल पर निकाली। अब सोशल मीडिया पर गोयनका के व्यव्हार पर बहस छिड़ गई है। कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ 98 रन की हार झेलने के बाद अब बीती रात सनराइजर्स हैदराबाद ने 62 गेंद पहले लखनऊ सुपरजायंट्स को 10 विकेट से रौंद दिया। लगातार दो हार के बाद अब टीम की प्लेऑफ की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। टूर्नामेंट ऐसे नाजुक मौके पर खड़ा है, जहां एक हार और खेल खत्म, वहां लखनऊ सुपरजायंट्स का ऐसा लचर प्रदर्शन देखकर टीम के मालिक संजीव गोयनका बुरी तरह भड़क गए। मैच के बाद उन्होंने कप्तान केएल राहुल को बुरी तरह फटकार लगाई। इस दौरान गोयनका बेहद गुस्से में नजर आ रहे थे।

इस पूरी बातचीत के दौरान केएल राहुल असहज नजर आ रहे थे, उनके चेहरे पर निराशान साफ देखी जा सकती थी। इस बीच जैसे ही टीम के हेड कोच जस्टिन लैंगर पहुंचे, राहुल वहां से निकल गए। अब सोशल मीडिया पर संजीव गोयनका को अपने रवैये के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों का मानना है कि निराशा दिखाने और खिलाड़ियों से बात करने का एक तरीका होता है, जिसका ध्यान नहीं रखा गया। अब खराब प्रदर्शन के बावजूद लोग सोशल मीडिया पर केएल राहुल के सपोर्ट में उतर आए हैं और गोयनका को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

## उन्हें मैं क्या ही ज्ञान दूंगा... केएल राहुल की टीम को शर्मसार करने के बाद पैट कमिंस के गजब तेवर

**हैदराबाद (एजेंसी)।** लखनऊस सुपरजायंट्स के खिलाफ 10 विकेटों की जबरदस्त जीत के बाद कप्तान पैट कमिंस के तेवर देखने लायक थे। बर्थडे के दिन मिली रिकॉर्ड जीत पर कमिंस खुशी से इतरा रहे थे। उन्होंने अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की जमकर तारीफ की।

9.4 ओवर में 167 रन बने और एलएसजी के खिलाफ 10 विकेट की जीत हासिल करने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद को सिर्फ 58 गेंदें लगीं। यह आईपीएल इतिहास में गेंदों के लिहाज से अब तक की सबसे बड़ी जीत है। आईपीएल में एक पारी के पहले 10 ओवरों में सबसे बड़ा स्कोर बनाया गया। मैच खत्म होने के बाद जब सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान प्रेजेंटेशन के लिए पहुंचे तो उन्होंने खुलकर अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की तारीफ की। साथ ही उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी के लिए वह कोई सुझाव नहीं दे सकते।





**ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की तूफानी बैटिंग** – ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की तूफानी बैटिंग के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने 9.4 ओवर में 167 रन बनाए, जिससे कई रिकॉर्ड टूट गए और मेजबान टीम ने लखनऊ पर 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। हेड और अभिषेक दोनों ने लखनऊ के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। हेड ने 16 और अभिषेक ने 19 गेंदों में अर्धशतक बनाए और केएल राहुल की लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ अपनी शानदार जीत दर्ज की। जब उनसे पूछा गया कि कोई सलामी बल्लेबाज हेड और अभिषेक को कैसे प्रेरित करते हैं तो कमिंस ने कहा कि उनकी तरफ से कुछ नहीं किया जा सकता था, बस उन्हें खुद को रियल रहने दिया।

**हेड और शर्मा को सुझाव देना मेरे लिए मुश्किल** – हेड ने नाबाद 89 और अभिषेक ने नाबाद 75 रन बनाए थे। मैच के बाद कमिंस ने कहा- हमने उन्हें जाने दिया, वे दोनों बहुत सकारात्मक खिलाड़ी हैं और मैं एक गेंदबाज हूं, मेरे लिए उन्हें कोई भी सुझाव देना कठिन है। कप्तान ने आगे कहा- ट्रैविस ने पिछले 2 सालों से ऐसे ही हैं। अभिषेक स्पिन और पेस दोनों का एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है। सिर्फ 2 फील्डर 30 गज के बाहर होने के कारण गेंदबाजी के लिए उनके खिलाफ खेलना वाकई मुश्किल है। आईपीएल के इस सीजन में स्कोरिंग में पहले से कहीं ज्यादा उछाल देखने को मिला है और इस सीजन में 200+ के 25 से ज्यादा स्कोर बन चुके हैं। एसआरएच खास तौर पर इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीम रही है, जिसने आईपीएल के इतिहास में बनाए गए दो सबसे बड़े लक्ष्य हासिल किए हैं, साथ ही सभी टीमों में से सबसे ज्यादा घातक और दमदार बैटिंग ऑर्डर भी हासिल किया है।

## शर्मनाक हार के बाद बोले केएल राहुल
## हमने तो टीवी पर ही ऐसी बल्लेबाजी देखी थी

**हैदराबाद (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स को आईपीएल इतिहास की सबसे शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। लखनऊ ने पहले खेलते हुए निकोल्स पूरण और आयुष बदोनी की बदौलत 166 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी हैदराबाद ने 9.4 ओवर में ही 10 विकेट से जीत हासिल कर ली। हैदराबाद 62 गेंदें शेष रहते यह मैच जीती। इससे पहले दिल्ली ने साल 2022 में पंजाब को 57 गेंदें शेष रहते हराया था। मैच के दौरान दर्शकों को हैदराबाद के ओपनर्स अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की खतरनाक बल्लेबाजी देखने को मिली। मैच गंवाने के बाद लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने कहा कि मेरे पास शब्द नहीं हैं। हमने टीवी पर इस तरह की बल्लेबाजी देखी है। लेकिन यह अवास्तविक बल्लेबाजी है। ऐसा लग रहा था जैसे हर गेंद बल्ले के बीच में जा रही हो। राहुल ने कहा कि उनके (हैदराबाद के ओपनर्स) कौशल को साधुवाद। उन्होंने छक्के मारने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने हमें यह जानने का मौका नहीं दिया कि दूसरी पारी में पिच कैसे खेल रही है। उन्हें रोकना मुश्किल था क्योंकि वे पहली ही गेंद से आक्रमक हो गए थे। एक बार जब आप हारने की स्थिति में होते हैं, तो लिए गए निर्णयों पर प्रश्नचिह्न लग जाते हैं। हम 40-50 रन कम रह गए। जब हमने पावरप्ले में विकेट गंवाए तो हमें कोई गति नहीं मिल सकी। आयुष और निकी ने अच्छी बल्लेबाजी करके हमें 166 रन तक पहुंचाया। लेकिन अगर हम 240 रन भी बना लेते तो वह उसका पीछा कर सकते थे।



**ऐसा रहा मुकाबला** – लखनऊ ने पहले खेलते हुए खराब शुरूआत की थी। क्विंटन डीकॉक 2, मार्कस स्टोइनिस 3 ही रन बना पाए। निकोल्स पूरण के 48 तो आयुष बदोनी के 55 रनों की बदौलत लखनऊ 165 रन ही बना पाई। तेज पिच पर लखनऊ के लिए यह स्कोर काफी कम रह गए। जवाब में हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों पर 75 तो ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों पर 89 रन बनाकर अपनी टीम को 10 विकेट से जीत दिला दी।

**अंक तालिका में हुआ बड़ा बदलाव** – हैदराबाद इस जीत के साथ ही अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है। उनके अब 12 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक हो गए हैं। उनके आगामी मुकाबले गुजरात और पंजाब के खिलाफ हैं। इनमें एक के खिलाफ जीत हासिल कर भी वह प्लेऑफ में पहुंच सकते हैं। वहीं, लखनऊ की हार ने उनके सामने समस्याएं खड़ी कर दी हैं।

## नीरज चोपड़ा को लग्जरी वॉच ब्रांड ओमेगा ने बनाया ब्रांड एम्बेसडर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के घड़ियों के लग्जरी ब्रांड ओमेगा ने खेल दूत के रूप में अपने साथ जोड़ा है। ओमेगा इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक 'टाइमकीपर' (स्पर्धाओं के समय के लिए उपकरण मुहैया कराने वाला) है।

भारत के इस स्टार खिलाड़ी को शुक्रवार को डाइमंड लीग के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा से पहले दोहा में ओमेगा के स्टोर में आमंत्रित किया गया। इस साझेदारी पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा, 'मैं ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जो ओलंपिक खेलों में टाइमकीपिंग में इतनी बड़ी भूमिका निभाता है।

चोपड़ा भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी है। इसके साथ ही वह विश्व चैंपियनशिप में भी अपनी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले एशियाई हैं। ओमेगा 1932 से लगभग सभी ओलंपिक खेलों में आधिकारिक टाइमकीपर रहा है। पेरिस 2024 में ओमेगा 31वीं बार खेलों का आधिकारिक टाइमकीपर होगा।

## लखनऊ के खिलाफ जीत के बाद हैदराबाद मजबूत स्थिति में, प्वाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर आई



**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को आईपीएल 2024 मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 10 विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ सनराइजर्स अपनी स्थिति मजबूत करते हुए तीसरे स्थान पर आ गई है। 166 रनों का पीछा करते हुए सनराइजर्स 9.4 ओवर में 167/0 पर पहुंच गई क्योंकि ट्रैविस हेड (89*) और अभिषेक शर्मा (75*) नाबाद रहे। इससे पहले आयुष बडोनी (55*) के अर्धशतक से लखनऊ ने 20 ओवर में 165/4 का स्कोर बनाया। सनराइजर्स के गेंदबाजी विभाग के लिए भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट हासिल किए।

कोलकाता नाइट राइडर्स 11 मैचों में 16 अंकों के साथ आईपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर है, उसके बाद राजस्थान रॉयल्स (16) दूसरे स्थान पर है। इस बीच सनराइजर्स 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है और चेन्नई सुपर किंग्स (12) चौथे स्थान पर आ गई है। दिल्ली कैपिटल्स (12) पांचवें, लखनऊ (12) छठे, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (8) सातवें स्थान पर हैं। पंजाब किंग्स (8) आठवें स्थान पर हैं, उसके बाद मुंबई इंडियंस (8) नौवें और गुजरात टाइटंस (8) दसवें स्थान पर हैं।

# हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा। टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी।

पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा। यह 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन को टीम को खेलों के महाकुंभ के लिए तैयार करने का मौका देगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की सरजमीं पर पांच टेस्ट की श्रृंखला में 0-5 की हार के बाद भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी।



भारत प्रो लीग तालिका में अभी आठ मैच में 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। नीदरलैंड 12 मैच में 26 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया के आठ मैच में 20 अंक हैं। फुल्टोन ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, 'हम शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और एक-दूसरे के खेल को लेकर समझ विकसित की है। उन्होंने कहा, ''पेरिस ओलंपिक से पहले हमें शीर्ष स्तर की टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा जिससे हमें अपने खेल को मजबूत और बेहतर करने में मदद मिलेगी।

कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग में हमें शीर्ष स्तरीय टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। खिलाड़ियों को अनुभव देने के लिए हमने टीम का चयन किया है और इससे मुझे पेरिस ओलंपिक से पहले खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी प्रारूप में देखने को मिलेगा। मिडफील्डर हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया है।

### टीम

**गोलकीपर** – पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक

**डिफेंडर** – जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह

**मिडफील्डर** – विवेक सागर प्रसाद, निलाकांता शर्मा, मनप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, राजकुमार पाल, मोहम्मद रहील मौसीन

**फॉरवर्ड** – मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंदल और बॉबी सिंह धामी

## मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बनी



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 का 57वां मैच खत्म होने के साथ ही सीजन में प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम सामने आ गई। हैदारबाद के जीतते ही मुंबई इंडियंस सीजन में एलिमिनेट होने वाली पहली टीम बन गई। मुंबई इंडियंस ने इस सीजन के लिए टीम में बड़े बदलाव किए थे। रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तानी सौंपी गई थी लेकिन टीम पहले 12 मैचों में सिर्फ 4 ही जीत पाई। अब मुंबई के 2 मुकाबले शेष बचे हैं इन्हें जीतकर वह इज्जत से विदा होना चाहेगी।

### मुंबई इंडियंस के सीजन में मुकाबले

बनाम गुजरात - 6 रन से हारे
बनाम हैदराबाद - 31 रन से हारे
बनाम राजस्थान - 6 विकेट से हारे
बनाम दिल्ली - 29 रन से जीते
बनाम बेंगलुरु - 7 विकेट से जीते
बनाम चेन्नई - 20 रन से हारे
बनाम पंजाब - 9 रन से जीते
बनाम राजस्थान - 9 विकेट से हारे
बनाम दिल्ली - 10 रन से हारे
बनाम लखनऊ - 4 विकेट से हारे
बनाम कोलकाता - 24 रन से हारे
बनाम हैदराबाद - 7 विकेट से जीते

### गेम खराब कर सकती है मुंबई

सीजन से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस अभी भी कोलकाता और लखनऊ की पार्टी खराब कर सकती है। कोलकाता को टॉप 2 में बने रहने के लिए आगामी मुकाबले जीतने जरूरी है। लेकिन लखनऊ के लिए प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए जीतना जरूरी है। क्योंकि मुंबई बाहर हो चुकी है तो ऐसे में वह घायल शेर की तरह कोलकाता और लखनऊ पर टूट सकती है।

### मुंबई के सामने एक समस्या भी

क्योंकि टी20 विश्व कप 2024 सामने हैं तो ऐसे में माना जा सकता है कि इसकी तैयारी के लिए मुंबई इंडियंस के बड़े स्टार जैसे रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह टीम से आखिरी दो मैचों से हट सकते हैं। बड़े नामों के हटने से मुंबई के लिए समस्या खड़ी हो सकती है। बुमराह इस समय पर्पल कैप होल्डर है। ऐसे में खिलाड़ी विश्व कप को देखकर क्या फैसले लेते हैं इस पर भी सबकी नजरें रहेंगी।

### मुंबई के लिए सिर्फ बुमराह ही चमके

मुंबई 8 मैच गंवा चुकी है जिसके लिए सीधे तौर पर बल्लेबाजी को जिम्मेदार माना जा सकता है। मुंबई की ओर से गेंदबाजी की कमान संभाल रहे जसप्रीत बुमराह अभी भी 12 मैचों में 18 विकेट लेकर पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं।

# अभिषेक शर्मा ने उड़ाए सीजन में सबसे ज्यादा छक्के, बोले- यह युवी पाजी की मेहनत का नतीजा

**हैदराबाद (एजेंसी)।** राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में एक बार फिर से सनराइजर्स हैदराबाद ने तूफान लाते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स से मिले 166 रन के लक्ष्य को महज 9.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों पर 75 तो ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों पर 89 रन बनाए। मैच के साथ ही अभिषेक शर्मा सीजन में सबसे ज्यादा छक्के उड़ाने वाले प्लेयर भी बन गए हैं। उनके नाम अब 35 छक्के दर्ज हो गए हैं। यहीं नहीं, मैच खत्म होने के बाद अपनी छक्के लगाने की काबलियत पर अभिषेक ने बात की और साफ तौर पर इसके लिए उन्होंने युवी पाजी (युवराज सिंह) की उनपर की गई मेहनत का शुक्रिया अदा किया।

### सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले प्लेयर

35 - अभिषेक शर्मा, हैदराबाद
32 - सुनील नरेन, कोलकाता
31 - ट्रैविस हेड, हैदराबाद
31 - हेनरिक क्लासेन, हैदराबाद
28 - रियान पराग, राजस्थान

अभिषेक सीजन में 201 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उनके 12 मैचों में 36 की औसत से 401 रन हो गए हैं। इस लिस्ट में रोमारियो शैफर्ड (280) पहले नंबर पर हैं। इसके बाद जेक फ्रेजर (235), महेंद्र सिंह धोनी (224) का नाम आता है।

अभिषेक शर्मा ने मैच के बाद कहा कि मैंने ऐसे टूर्नामेंट में आने और इतनी स्ट्राइक रेट से खेलने के बारे में कभी नहीं सोचा था। लेकिन टीम प्रबंधन को धन्यवाद। उनका संदेश स्पष्ट था। सारा श्रेय उन्हें (प्रमुख) को जाता है। ट्रैविस की पारी पर अभिषेक ने कहा कि जिस तरह से वह सभी गेंदबाजों के खिलाफ शुरुआत करते हैं.. वह शुरू से ही उनका पीछा करते हैं और दबाव हटा देते हैं। अभिषेक ने कहा कि पारी बेक के दौरान गेंदबाजों ने हमें बताया था कि पिच बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो गई है। मैंने और ट्रैविस ने सोचा कि यह कुछ खास नहीं कर रही। मुझे लगता है कि टूर्नामेंट से पहले मैंने जो कड़ी मेहनत की थी वह अब दिख रही है, इसके लिए युवी पाजी, ब्रायन (लारा) और मेरे पिता, जो मेरे पहले कोच हैं, को धन्यवाद।



वहीं, ट्रैविस हेड ने मैच के बाद कहा कि आज बहुत मजा आया। लक्ष्य को 10 ओवर में पूरा करके अच्छा लगा। अभि और मेरी इस तरह की कुछ साझेदारियां रही हैं। पिछले 12 महीनों में वे इसी तरह चाहते थे कि मैं ऑस्ट्रेलियाई टीम में खेलूं और मुझे यहां भी यही करने के लिए कहा गया है। वहीं, अभिषेक पर हेड ने कहा कि मैं जानता हूं कि वह कितनी मेहनत करते हैं और कितनी गहराई से सोचते हैं, उनका स्पिन खेल किसी से पीछे नहीं है।

हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने अभिषेक शर्मा की पारी देखने के बाद कहा कि वह स्पिन और गति का एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है। सिर्फ 2 फील्डरों के आउट होने से गेंदबाजों के लिए उनके खिलाफ खेलना वाकई मुश्किल है।

### अंक तालिका में हुआ बड़ा बदलाव

हैदराबाद इस जीत के साथ ही अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है। उनके अब 12 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक हो गए हैं। उनके आगामी मुकाबले गुजरात और पंजाब के खिलाफ हैं। इनमें एक के खिलाफ जीत हासिल कर भी वह प्लेऑफ में पहुंच सकते हैं। वहीं, लखनऊ की हार ने उनके सामने समस्याएं खड़ी कर दी हैं। अब उनके आगामी मुकाबले दिल्ली और मुंबई के खिलाफ हैं जिन्हें वह हर हाल में जीतना चाहेगी। हालांकि इस दौरान उन्हें दिल्ली और चेन्नई के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। लखनऊ अब अंक तालिका में छठे स्थान पर आ गई है।

